तापमान

अधिकतम 30.4 डिग्री

न्यूनतम 19.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 5 नवंबर 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]





## खबर संक्षेप

### सतगुरु कबीर सत्संग ग्रंथ समारोह आज

**बिलासपुर।** गुरु धर्म दास साहब के प्राकट्य उत्सव पर दो दिवसीय श्री सतगुरु कबीर सत्संग ग्रंथ समारोह का आयोजन सतगुरु कबीर धर्म दास मंदिर जरहाभाठा में 4 नवंबर से किया जा रहा है। राकेश मानिकपुरी ने बताया 5 नवंबर बुधवार को सुबह गुरु महिमा पाठ,सत्संग भजन, 3 बजे से सात्विक यज्ञ आनंदी चौका आरती किया जाएगा। सतगुरु भंडारा प्रति दिन रहेगा। आयोजन को सफल बनाने लिए दीवान अमरू दास, मुन्ना दास, भगवान दास, मनहरन दास, समारू दास, गणेश दास, ईश्वरदास दास, अभिषेक दास आदि जुटे हैं।

### संभागीय युवा कार्यशाला आज



**बिलासपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ द्वारा इंडोर स्टेडियम बहतराई में 5 नवंबर को संभागीय युवा कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसमें बिलासपुर जिला सहित मुंगेली, कोरबा, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, सक्ती, बिलाईगढ़, सारंगढ़ और पेंड्रा गौरेला मरवाही जिलों के गायत्री परिवार के विशिष्टजनों का समागम होगा। सम्मेलन के माध्यम से युवाओं को जीवन प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, योग, ध्यान, सामाजिक सेवा, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### कसौधन वैश्य समाज का सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**बिलासपुर।** महर्षि कश्यप ऋषि जयंती 5 नवंबर को धूमधाम से मनाई जाएगी। जयंती पर अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य समाज महासभा के रमेश गुप्ता ने बताया कि आज छत्तीसगढ़ में महर्षि काश्यप जयंती पर कसौधन वैश्य समाज द्वारा विविध प्रकार के कार्यक्रम, पूजा अर्चना, सांस्कृतिक कार्यक्रम एव भव्य प्रसाद वितरण किया जा रहा है।

### सहकारी साख समिति का निर्वाचन कार्यक्रम

**बिलासपुर।** भारतीय खाद्य निगम कर्मचारी साख सहकारी समिति मर्यादित बिलासपुर का निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। समिति के रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि संचालक मंडल के सदस्यों के निर्वाचन के लिए 10 नवम्बर को नामांकन पत्र प्राप्त किया जाएगा। 16 नवम्बर को आमसभा कर मतदान एवं उसके पश्चात मतगणना की जाएगी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का निर्वाचन 22 नवम्बर को किया जाएगा।

### 8 प्रधान आरक्षक सहित 40 पुलिसकर्मियों का तबादला

**बिलासपुर।** 4 नवंबर को एसएसपी रजनेश सिंह ने 1 एएसआई, 8 प्रधान आरक्षक सहित 40 पुलिसकर्मियों का तबादला किया है। इसमें एएसआई धनेश साहू का यातायात से पुलिस लाइन, प्रधान आरक्षक सौखीलाल वर्मा का जिला अभियोजन कार्यालय से अजाक, चंद्रभान सिंह का पुलिस लाइन से जिला अभियोजन कार्यालय, राजकुमार साय का सिरगिट्टी से पुलिस सहायता केंद्र सिम्स, प्रकाश दुबे का पुलिस सहायता केंद्र सिम्स से कोटा, मोहम्मद अख्तर का सरकण्डा से सिरगिट्टी, रविन्द्र मिश्रा का कोटा से सरकण्डा, लुथरू केरकेट्टा का यातायात से पुलिस लाइन, ललित खलखों का यातायात से पुलिस लाइन एवं 31 आरक्षकों को तबादला आदेश जारी किया गया है।

# मोहनभाठा पहुंची राजस्व-खनिज विभाग की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग की टीम ने मोहनभाठा बस्ती स्थित अवैध मुरूम खुदाई स्थल में अपने-अपने स्तर पर छापामार कार्रवाई की है। मौके पर जांच के दौरान यह बात सामने आ रही है कि खुदाई के हिस्से वाली जमीन निजी है और जमीन मालिक बाहर रहते हैं। इसी का फायदा उठाते हुए लोगों ने वहां मुरूम खनन प्रारंभ कर दिया था। जमीन के मालिकाना हक को लेकर भी जांच की जा रही है।

■ निजी जमीन होने की आशंका, जांच जारी

**मुरूम खुदाई पर लगा प्रतिबंध, कड़ी कार्रवाई के निर्देश**




हरिभूमि में 3 और 4 नवंबर को प्रकाशित खबर।

हरिभूमि में 'दो सौ एकड़ के मैदान में मुरूम खुदाई का भूमिपूजन' शीर्षक के साथ दिनांक 3 नवंबर को प्रकाशित समाचार के बाद एसडीएम कोटा द्वारा राजस्व विभाग की टीम को जांच के लिए भेजा गया था। टीम के द्वारा मौके पर मंगलवार को मुरूम की अवैध खुदाई करते किसी को नहीं देखा गया, लिहाजा किसी भी तरह की धरपकड़ की कार्रवाई नहीं की जा सकी। राजस्व विभाग का कहना है कि खुदाई वाली जमीन के निजी होने की जानकारी मिल रही है, जिसके मालिक बाहर रहते हैं। इसी का फायदा उठाते हुए मुरूम चोरों द्वारा खुदाई शुरू कर दी गई। हालांकि नियमानुसार जमीन निजी होने के बाद भी अवैध खनन नहीं किया जा सकता। खनिज विभाग द्वारा भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए टीम को मौके पर जाकर आकस्मिक जांच एवं धरपकड़ की कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।

### कड़ी कार्रवाई की जाएगी

मौके पर जाकर जांच कराई गई है। प्रारंभिक जांच के दौरान जमीन के निजी होने की बात सामने आ रही है। जमीन मालिक बाहर रहते हैं। जमीन पर मुरूम खुदाई तो हुई है, लेकिन अब आगे और खुदाई नहीं हो सकेगी। कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**- नितिन तिवारी,** एसडीएम कोटा

### मौके पर गई थी टीम

मौके पर टीम गई थी, लेकिन खुदाई बंद रहने के कारण फिलहाल किसी को पकड़ा नहीं जा सका है। टीम को पहले ही कड़ी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जा चुका है।

**किशोर कुमार गोलघाटे,** उपसंचालक खनिज विभाग

## यूनिवर्सिटी कर्मचारियों ने रूम का दरवाजा तोड़कर सिम्स पहुंचाया

# सीयू में बॉटनी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर की संदिग्ध मौत, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एक छात्र की मौत का मामला अभी ठंडा हो नहीं पाया है कि एक प्रोफेसर की मंगलवार की सुबह मौत हो गई। इससे पूरे दिन यूनिवर्सिटी परिसर में हडकंप मचा रहा। यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों ने रूम का दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया और प्रोफेसर डॉ. नरेन्द्र मिश्रा को सिम्स पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी लगातार चर्चाओं में बना हुआ है। पिछले दिनों बीएससी फिजिक्स डिपार्टमेंट के हास्टल में रहने वाले छात्र की परिसर भीतर तालाब में लाश मिली थी। इस घटना की अभी जांच चल ही रही है और यूनिवर्सिटी में आए दिन हंगामा, प्रदर्शन हो रहा है। हास्टल में रहने वाले छात्र अर्सलान अंसारी के मौत का मामला अभी ठंडा भी नहीं हो पाया है कि मंगलवार को एक प्रोफेसर की मौत से यूनिवर्सिटी में माहौल गरमा गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बॉटनी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ. नरेन्द्र मिश्रा यूनिवर्सिटी परिसर स्थित आवासीय कालोनी में अकेले ही रहते थे। वे मूलतः गोरखपुर बस्ती जिले के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि रात में प्रो. नरेन्द्र मिश्रा की तबियत खराब हो गई थी, उन्होंने फिजिक्स डिपार्टमेंट के एक शिक्षक को फोन कर बताया कि वे उठ नहीं पा रहे हैं। इसके बाद सुबह शिक्षक सहित यूनिवर्सिटी के कुछ लोग उनके घर पहुंचे, दरवाजा नहीं खुलने पर उन्होंने किसी तरह दरवाजा तोड़कर प्रो. मिश्रा को रूम से बाहर निकाला और एम्बुलेंस से सिम्स अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से इस घटना की सूचना मृतक प्रोफेसर के परिवार समेत पुलिस को दी गई। इसके बाद दोपहर में पुलिस यूनिवर्सिटी जांच में पहुंची थी।




**देर शाम किया गया पीएम, कार्डियक अरेस्ट की आशंका**



सीयू वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ नरेन्द्र कुमार मिश्रा के शव का शाम को परिजनों के आने के बाद पीएम किया गया। प्रो. मिश्रा को मंगलवार की सुबह 7.15 बजे सिम्स लाया गया था। यहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। प्रारंभिक जांच डाक्टरों ने बताया कि शव की स्थिति को देखते हुए कार्डियक अरेस्ट के कारण मृत्यु होने की आशंका है। पीएम के लिए उनके परिजनों का इंतजार किया जाता रहा, शाम को उनका बेटा दिल्ली से बिलासपुर पहुंचा, जिसके बाद शव का पीएम किया गया ।

### कुछ कहा नहीं जा सकता

पीएम अभी किया जा रहा है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही जानकारी दी जा सकेगी। फिलहाल कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

**- डॉ लखन सिंह**
अधीक्षक, सिम्स

### परिजन को सूचना दी गई

प्रो. नरेन्द्र मिश्रा की रात को तबियत खराब हो गई थी और सुबह यूनिवर्सिटी के कुछ लोगों ने उनके घर का दरवाजा तोड़कर उन्हें निकालकर सिम्स अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना यूनिवर्सिटी की ओर से मृतक शिक्षक के परिवार वालों को और पुलिस को दे दी गई है।

**- प्रो. मनीष श्रीवास्तव,** मीडिया प्रभारी सीयू

### सर्दी, खांसी, बुखार के लिए है सीयू का डिस्पेंसरी

सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर भीतर एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है, जहां पर एक डॉक्टर से नर्स, कंपाउंडर आदि कुछ स्टाफ पदस्थ हैं। यह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एक तो यूनिवर्सिटी के कार्यालयीन समय पर खुलता और बंद होता है तथा शनिवार-रविवार अवकाश के बंद रहता है। यूनिवर्सिटी में परिसर में शिक्षकों समेत अधिकारियों-कर्मचारियों का आवासीय कालोनी है। इसके अलावा हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं और सैकड़ों छात्र-छात्राएं यूनिवर्सिटी परिसर के हास्टल में रहते हैं। अचानक यूनिवर्सिटी स्टाफ या किसी स्टूडेंट्स को कुछ हो जाता है उनकी तबियत बिगड़ जाती है तो यूनिवर्सिटी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उनके इलाज के लिए बहुत अच्छी सुविधा नहीं है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मौसमी बीमारी से लेकर सर्दी, खांसी, बुखार आदि का ही इलाज संभव है। किसी की तबियत अचानक ज्यादा बिगड़ती है तो उन्हें शहर स्थित अस्पताल लाना पड़ता है।

### इधर बुर्जुग शिक्षक की मौत उधर चलता रहा कार्यक्रम

एक तरफ गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में आज एक बुर्जुग शिक्षक प्रो. नरेन्द्र मिश्रा की मौत हो गई, वहीं दूसरी तरफ यूनिवर्सिटी के रजत जयंती सभागार में वृद्धजनों के विषय पर कार्यक्रम चलता रहा। इस कार्यक्रम में गुजरात सहित बाहर से भी कई अतिथि शामिल होने पहुंचे थे। यूनिवर्सिटी के एक शिक्षक की मौत के बाद भी कार्यक्रम होने को लेकर आलोचना भी की जाती रही।

### पुलिस ने सील किया कमरा

पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। कोनी टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया कि आसपास के लोगों ने उन्हें सिम्स पहुंचाया था, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत बता दिया है। सूचना पर मौके पुलिस की टीम गई थी लेकिन परिजन नहीं होने के कारण फिलहाल कमरे को सील कर दिया गया है। पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जांच जारी है।

### कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं था उपस्थित

केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुरू घासीदास यूनिवर्सिटी में महज 13 दिनों में यह दूसरी मौत है, प्रोफेसर की मौत की जानकारी मिलने के बाद भी प्रबंधन का कोई उच्च अधिकारी सिम्स में मौजूद नहीं था। अपने ही कर्मचारी और स्टूडेंट के प्रति विश्वविद्यालय प्रबंधन का रवैया बेहद गैरजिम्मेदाराना है।



तोरवा पुल के पास लगी लोगों की भीड़।

**पिता ने मोबाइल चलाने पर लगाई थी फटकार**

# 9वीं की छात्रा ने तोरवा पुल से अरपा में लगाई छलांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रात में पढ़ाई के दौरान मोबाइल चलाने पर पिता ने मना करते हुए फटकार लगा दी। इससे क्षुब्ध देर रात कक्षा 9वीं की छात्रा घर से निकलकर भागने लगी, उसे भागते देख बड़ी बहन ने रोकने का प्रयास किया, परन्तु भागते हुए छात्रा ने छठघाट पुल से अरपा नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



मृतक छात्रा

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि राजकिशोर नगर अटल आवास निवासी अरूण कमल परिवार के साथ रहते हैं। उनकी दो बेटियां हैं, छोटी बेटी अदिति कक्षा नवमीं की छात्रा थी। सोमवार की रात भोजन करने के बाद उनकी दोनों बेटियां नीचे के कमरे में पढ़ाई कर रही थीं। पति पत्नी ऊपर के कमरे में आराम कर रहे थे। अचानक रात 1.30 बजे अदिति घर से बाहर निकली और भागने लगी। उसकी बड़ी बहन चिल्लाते हुए उसे पकड़ने के लिए पीछे भागी। बेटियों की आवाज सुनकर माता पिता नीचे उतरे और उनके पीछे भागने लगे। भागते हुए अदिति छठघाट पुल की रैलिंग में चढ़ गई और नदी में छलांग लगा दी। उसे नदी में कूदते देख परिजन बदहवास हो गए। सूचना मिलते ही सरकण्डा पुलिस मौके पर पहुंच गई। आसपास के मछुवारों को बुलाकर अरपा नदी में बालिका की तलाश कराई गई। सुबह एसडीआरएफ की टीम ने बालिका की तलाश की। सुबह 10.30 बजे नदी से बालिका का शव खोजकर बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद उसे परिजन को सौंप दिया है। श्री आर्या के अनुसार पहले उसके पिता ने बताया था कि पढ़ाई के दौरान मोबाइल देखने पर डांट फटकार लगा दी थी, उसके बाद वे कुछ भी बताने से इनकार करने लगे। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# हाईकोर्ट में निगम ने पेश किया शपथ पत्र 12 सिटी बसें विभिन्न मांर्गों पर दौड़ रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में सिटी बसों की अव्यव्स्था को लेकर चल रही जनहित याचिका में सुनवाई के दौरान मंगलवार को बिलासपुर नगर निगम के कमिश्नर ने शपथपत्र पेश किया। इसमें बताया गया कि तीन अन्य सिटी बसें विभिन्न मार्गों से चलाई जा रहीं हैं। कोर्ट ने अगली सुनवाई दिसंबर में निर्धारित की है।

बिलासपुर में सार्वजानिक यातायात की लचर स्थिति पर हाईकोर्ट ने स्व संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की है। मंगलवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि से पहले नगर आयुक्त, बिलासपुर से एक नया हलफनामा दायर करने को कहा था जिसमें इस न्यायालय को सूचित किया जाना था कि उक्त 3 सिटी बसें 1 नवंबर, 2025 से, जैसा कि कहा गया है, चालू हो चुकी हैं या नहीं। इसी सन्दर्भ में निगम आयुक्त ने अपना शपथपत्र पेश किया। अदालत के पूर्व निर्देशानुसार पेश शपथपत्र में बताया गया कि तीन औऱ सिटी बसें विभिन्न मार्ग पर चलाई जा रही हैं। सिटी बसों में नियमानुसार हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के साथ ही उनका इश्योरेंस भी करा दिया गया है।



■ नियमानुसार हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के साथ ही उनका इश्योरेंस भी करा दिया गया

■ सार्वजानिक यातायात की लचर स्थिति पर हाईकोर्ट जनहित याचिका के तौर पर सुनवाई कर रहा

### अधिकारियों ने दायर किया हलफनामा

पिछली सुनवाई में कोर्ट के आदेश के अनुपालन में 23 सितंबर को कलेक्टर, बिलासपुर और नगर निगम आयुक्त, बिलासपुर द्वारा दो अलग-अलग हलफनामे दायर किए गए थे। इनमें कहा गया था कि 12 सिटी बसों में से 9 सिटी बसें बिलासपुर शहर के विभिन्न मार्गों पर पहले से ही चल रही हैं और जहां तक शेष 3 सिटी बसों का संबंध है, आरटीओ से आवश्यक परमिट प्राप्त कर लिया गया है और उक्त सिटी बसों को 1 नवंबर, 2025 से सोसायटी द्वारा बिलासपुर शहर के विभिन्न मार्गों पर चलाया जाएगा।

**शहर में जल्द होगी ई-सिटी बसों का परिचालन**

गौरतलब है कि पूर्व में हाईकोर्ट ने शासन से पूछा था कि आखिर सिटी बस सेवा पूरी तरह कब तक पटरी पर आ जाएगी। शासन की तरफ से सुविधा के लिए ई-सिटी बसों का परिचालन जल्द शुरू करने की जानकारी हाईकोर्ट में दी गई थी। सरकार की ओर से कोर्ट को यह भी जानकारी दी गई कि जल्द ही शहर में ई-सिटी बसों का परिचालन शुरू करने की योजना है। हालांकि, हाईकोर्ट सरकार के इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ। कोर्ट ने कहा कि, बिलासपुर जैसे बड़े शहर में सार्वजनिक परिवहन की हालत बेहद खराब है और भविष्य की योजनाओं के बजाय वर्तमान स्थिति को तत्काल सुधारने की जरूरत है।





मेन पोस्ट आफिस का सर्वर मंगलवार दोपहर 2 बजे तक ठप रहा, जिसके कारण लोगों की भीड़ लगी रही।

# एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर बांट रहे एन्यूमरेशन फार्म

## निर्वाचन कार्यालय से कई क्षेत्रों में आज भी भेजा गया फार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण एसआईआर तहत बीएलओ घर-घर पहुंचकर यूनीक एन्यूमरेशन फार्म बांटना शुरू कर दिए हैं। वहीं कई क्षेत्रों में एन्यूमरेशन फार्म नहीं पहुंचा था, जहां निर्वाचन कार्यालय से मंगलवार को फार्म भिजवाया गया है। इस एन्यूमरेशन फार्म में ही मतदाताओं को अपनी जानकारी भरकर बीएलओ को जमा करना है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चालू हो गया है, आज से बूथ लेवल अफसर बीएलओ अपने-अपने मतदान केन्द्रों से संबंधित घरों-घर जाकर एन्यूमरेशन फार्म बांटना एवं जानकारी लेना शुरू कर दिए हैं। कुछ जगहों पर फार्म नहीं पहुंचा था, वहां आज निर्वाचन कार्यालय से फार्म भेजा गया है। ये बीएलओ प्रत्येक घरों का दौरा करेंगे और निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार वर्तमान पंजीकृत मतदाताओं के पूर्व मुद्रित विवरण के साथ प्रत्येक पंजीकृत मतदाता को दो प्रतियों में फार्म वितरित करना है और फार्म भरने में मार्गदर्शन भी करना है। इस दौरान यदि कोई घर बंद पाया गया तो बीएलओ फार्म को घर में रख देगा और भरे हुए फार्म को एकत्रित करने कम से कम तीन बार घर जाएगा।

**जारी किया गया एसआईआर का कार्यक्रम**

- एन्यूमरेशन फार्म भरने की अवधि — 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक
- मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन — 9 दिसंबर
- दावा आपत्ति करने की अवधि — 9 दिसंबर से 8 जनवरी तक
- सुनवाई और सत्यापन की अवधि — 9 दिसंबर से 31 जनवरी तक
- मतदाता सूची का अंतिम प्रकशन — 7 फरवरी

# श्री गुरु नानक देव जी दे गुरपुरब दियाँ लख लख वधाइयाँ

## गुरु नानक जयंती : सत्य और प्रकाश का पर्व

भारत की पावन धरती सदैव संतों, महात्माओं और अवतारों की कर्मभूमि रही है। इन्हीं दिव्य आत्माओं में से एक थे श्री गुरु नानक देव जी, जिन्होंने 15वीं शताब्दी में मानवता को एक नई दिशा दी। उनका जन्म सन् 1469 में तलवंडी नामक गाँव (अब पाकिस्तान में ननकाना साहिब) में हुआ था। बचपन से ही वे सत्य, भक्ति और करुणा के प्रतीक थे। गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण समाज की भलाई में समर्पित किया।

गुरु नानक देव जी ने अपने शिष्यों के साथ अनेक देशों की यात्राएँ कीं, सभी समुदायों में जाकर प्रेम, सत्य और समानता का संदेश दिया। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि धर्म का सार मानवता की सेवा में है, न कि किसी बाहरी आडंबर में। गुरु नानक जयंती, जिसे प्रकाश पर्व भी कहा जाता है, उनके जन्म दिवस के रूप में मनाई जाती है। यह पर्व कार्तिक पूर्णिमा को आता है।

इस दिन गुरुद्वारों में गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ होता है, प्रभात फेरियाँ निकाली जाती हैं, और श्रद्धालु कीर्तन व अरदास करते हैं। लंगर का आयोजन गुरु जी की सेवा भावना का प्रतीक है, जहाँ हर जाति, हर वर्ग के लोग एक साथ बैठकर भोजन करते हैं गुरु नानक जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और सेवा का संदेश है। उनके आदर्श हमें सिखाते हैं दूसरों के दु:ख को मिटाने में है। गुरु नानक देव जी की वाणी, उनका जीवन और उनकी करुणा सदा मानवता को आलोकित करती रहेगी। यही उनके प्रकाश पर्व का सच्चा अर्थ है –































## खबर संक्षेप

### बिहार विस चुनाव के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक बने त्रिलोक



**बिलासपुर।** जिले के लोकप्रिय, सक्रिय कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास को फिर से एक बार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से बिहार चुनाव में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। त्रिलोक श्रीवास को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए औरंगाबाद और गया का वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनिल जयहिंद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राष्ट्रीय संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल के निर्देशानुसार उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। विदित हो कि, त्रिलोक श्रीवास इसके पूर्व उत्तर प्रदेश चुनाव, गुजरात विधानसभा व लोकसभा चुनाव, बिहार विधानसभा चुनाव, झारखंड विधानसभा चुनाव, असम विधानसभा चुनाव आदि कई राज्यों में चुनाव प्रभारी एवं पर्यवेक्षक के रूप में सफलता पूर्वक कार्य कर चुके हैं। लगातार उनकी मेहनत एवं अनुभव को देखते हुए पार्टी ने उन्हें एक बार फिर से महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

### मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से सम्मानित हुए गौकरण



**जरहागांव।** राज्योत्सव के अवसर पर शास प्राथ शाला कुरानकापा के प्रधान पाठक गौकरण प्रसाद कश्यप को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। गौकरण प्रसाद कश्यप अपने विद्यालय में बगवानी, बेहतर गुणवत्ता शिक्षा, स्वच्छता, किचन गार्डन, पालक संपर्क, ग्रामीणजन व वृद्धों की सहायता, न्योता भोज, बच्चों कों टाई, बेल्ट जूते आदि का सहयोग स्वयं करते हैं। इनको सम्मान मिलने पर विद्यालय परिवार, पालक, एवं संकुल परिवार में खुशी व्याप्त है। गौकरण प्रसाद कश्यप ने कहा कि, सम्मानित होने पर बहुत खुशी हुई है। उन्होंने संकुल शैक्षिक समन्वयक, बीईओ, बीआरसी व जिला के अधिकारियों को धन्यवाद प्रेषित किया।

### राज्योत्सव में सेजेस पंधी की छात्राओं की शानदार प्रस्तुति



**लगरा।** पुलिस ग्राउंड बिलासपुर में आयोजित राज्योत्सव समारोह में स्वामी आत्मानंद स्कूल सेजेस पंधी की छात्राओं ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। नृत्य में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राएं पल्लवी, आकांक्षा, तनु, दिव्या, तमन्ना, ऊर्जा, यशा, इशा, नीतू, श्रद्धा, नूरजहां और आरती शामिल रहीं। कार्यक्रम में सेजेस पंधी के प्राचार्य संजय शर्मा, मधु मनहर एवं व्यावसायिक शिक्षिका माधवी यादव उपस्थित रहीं।

महतारी वंदन, अतिक्रमण हटाने से लेकर आवास की शिकायत

# जनदर्शन में पहुंचे 100 से अधिक आवेदन शौचालय, सड़क और पेंशन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिला कलेक्टोरेट में मंगलवार को जनदर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए।

इस दौरान ग्राम ग्राम भूमियापारा के दिव्यांग शिवनंदन और ग्राम बीजातराई के छोटेलाल ने ट्रायसायकल हेतु आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि, दिव्यांग होने के कारण दैनिक दिनचर्या में समस्या होती है। कलेक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए दोनों दिव्यांगजनों को ट्रायसायकल प्रदान किया। जनदर्शन में 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, इनमें ग्राम बिरगांव की दिव्यांग यशोधरा ने पेंशन की स्वीकृति प्रदान करने, ग्राम लपटी के रघुवीरदास ने फौती-नामांतरण कराने, ग्राम झाफल की कुंती बाई राजपूत ने महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम पेंड्री के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटवाने, ग्राम टेढ़ाधौंरा के टैकूलाल गेंदले ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय निर्माण कराने, ग्राम जरहागांव के गजेन्द्र जोशी ने आधार कार्ड बनवाने, ग्राम करूपान के हरिसिंह श्रीनेत ने विद्युत पोल की मरम्मत कराने, ग्राम कोदवाबानी के विजय कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम कायेलारी के होलिका प्रसाद ने धान बिक्री हेतु पंजीयन कराने, ग्राम डोंगरिया के ओमप्रकाश जायसवाल ने भूमि का रकबा संशोधन कराने, ग्राम मुड़पार के प्रमोद सिंह ने नया ऋण पुस्तिका दिलाने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता से विचार करते हुए नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दी। इस दौरान एडीएम निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



जनदर्शन में सुनवाई करते अधिकारी।



धान खरीदी के संबंध में प्रशिक्षण।

### धान खरीदी के लिए दिया गया प्रशिक्षण

शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के संबंध में कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जनपद पंचायत मुंगेली के सभाकक्ष में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर हर्षवर्धन चौहान ने कम्प्यूटराइजेशन एवं समिति माड्यूल, ट्रायर रन, टोकन, पीसी एसएपी में एंट्री, व्यवस्थित स्टैकिंग, आवक धान के लिए बारदाना की व्यवस्था, 29 बिन्दु की प्रारंभिक तैयारी के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि, धान खरीदी शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। इस कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने खरीदी कार्य के सुचारू संचालन हेतु प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को खरीदी के दौरान केन्द्रों का सतत निरीक्षण करने तथा किसानों की छाया, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया।



# श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए विधायक धरमलाल व मोहले

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

स्वर्गीय नित्यानंद गुप्ता की पुण्यस्मृति एवं वार्षिक श्राद्ध पर क्षेत्र के भाजपा नेता निश्चल गुप्ता एवं परिवार की ओर से अयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महापुराण का आयोजन किया जा रहा हैं। रोजाना कथा में शामिल होकर नगरवासी भागवत भगवान की कथा का श्रवण कर रहे हैं।

इस धार्मिक आयोजन में मंगलवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक एव पूर्व खाद्य मंत्री एवं मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले के साथ मुंगेली जिला भाजपा उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा शामिल हुए। मंगलवार की कथा में कथावाचक पंडित कान्हा ने भगवान श्रीकृष्ण का दर्शन करने भगवान शिव के गोकुल आने के प्रसंग का वर्णन किया। साथ ही बाल्यकाल में श्रीकृष्ण के माखन चोरी और मटका फोड़ की झांकी भी प्रस्तुत की गई। कथावाचक ने कृष्ण-सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए कहा कि, संसार में अगर कोई सच्चा मित्र है, तो वो श्री कृष्ण हैं। उन्होंने बिना किसी हिचक के अपने मित्र को एक लोक उपहार में दे दिया, और सुदामा को इसका संज्ञान भी नहीं होने दिया। कथा श्रवण करने नगर आए मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि, धार्मिक आयोजन से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है, और सभी को धर्मानुरूप जीवन यापन करने की सीख मिलता है। विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि, पंडित कान्हा महाराज के श्रीमुख से कथा श्रवण कर मन, मस्तिष्क एवं आत्मा सभी आनंदित हो उठे। उन्होंने कहा कि, ईश्वर से प्रार्थना है कि ऐसे सत्संग एवं आध्यात्मिक आयोजन हमारे समाज में निरंतर होते रहें, जिससे समाज में धर्म, सद्भाव और संस्कारों की अलख सदैव जलती रहे। इस अवसर पर नपं अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, पूर्व नपं अध्यक्ष जसपाल छाबड़ा, उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, सभापति इंद्रजीत यादव, मेला राम डनसेना , मोनिका ओमू दिवान, रविन्द्र बघेल, मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत, अभिलाष त्रिवेदी, मंडल महामंत्री बलराम जायसवाल, जिला मंत्री रिंकू सिंह ठाकुर, गणेश सोनी, रघुनन्दन करमाकर, सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

- ऐसे धार्मिक आयोजन से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है : मोहले
- ऐसे सत्संग एवं आध्यात्मिक आयोजन समाज में निरंतर हों : कौशिक

## बीएलओ का काम कराए जाने से परेशान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

- पद त्याग व कार्य मुक्ति को लेकर राजस्व विभाग को सौंपा ज्ञापन

**तखतपुर।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बीएलओ का अतिरिक्त कार्य कराए जाने से परेशान छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संघ के सदस्यों ने राजस्व विभाग को ज्ञापन सौंपा है। संघ के सदस्यों ने कहा कि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति बच्चों के पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य परीक्षण और मातृ-शिशु संरक्षण जैसे 16 मूल उद्देश्यों की पूर्ति हेतु की गई है। रोजाना सुबह 9:30 से दोपहर 3:30 बजे तक केंद्रों में बच्चों को पढ़ाना, खिलाना, वजन मापना और स्वास्थ्य निगरानी जैसे कार्य किए जाते हैं। लेकिन बिना प्रशासन के लिखित आदेश के उनको बीएलओ का अतिरिक्त कार्य सौंप दिया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बीएलओ पद छोड़ने के साथ कार्य मुक्ति के लिए राजस्व विभाग को ज्ञापन सौंपा। संघ की परियोजना अध्यक्ष सुचिता शर्मा ने बताया कि, शासन द्वारा कई बार पत्र जारी कर यह स्पष्ट किया गया है कि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से गैर विभागीय कार्य न कराया जाए। इसके बावजूद मौखिक दबाव डालकर



बीएलओ का कार्य कराया जा रहा है। सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि, एक व्यक्ति से दो पदों पर कार्य कराना शासन के नियमों का उल्लंघन है। ऐसे में हमें बीएलओ के कार्य से तत्काल मुक्त किया जाए। इस अवसर पर सुचिता शर्मा, सुनीता यादव, सरिता ठाकुर, सरस्वती ठाकुर, सुनीता कश्यप, आशा ठाकुर, भगमती वैष्णव, संगीता जायसवाल, सरोज देवांगन, लाजवंती देवांगन, पत्रिका टंडन, प्रतिकांता बघेल सहित परियोजना के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा, ग्रामीणों ने की शिकायत

**तखतपुर।** ग्राम राजपुर के प्राचीन महामाया मंदिर प्रांगण एवं उसके समीप स्थित गौटिया तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। इस भूमि का उपयोग लंबे समय से ग्रामवासी सार्वजनिक पूजा-अर्चना, धार्मिक आयोजन एवं निस्तारी आदि कार्यों के लिए करते आ रहे हैं। गांव के ही रहने वाले दो व्यक्तियों ने उक्त सार्वजनिक भूमि पर घर निर्माण हेतु नींव की खुदाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार इन दोनों ने पूर्व में गांव की कई शासकीय भूमि पर भी अवैध बेजा कब्जा किया है, जिसकी सूचना पूर्व मे तहसील एवं अनुविभागीय अधिकारी को दी गई थी। ग्रामवासी एवं महामाया समिति के सदस्यों ने एसडीएम, तहसीलदार एवं थाना तखतपुर को लिखित आवेदन देकर अतक्रिमण कारियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। साथ ही ग्रामवासियों ने चेतावनी दी है कि, यदि शीघ्र कार्रवई नहीं हुई, तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन एवं



धरना प्रदर्शन करने पर विवश होंगे। आवेदन करने के दौरान वेदप्रसाद तिवारी, अभ्युदय जित्तू तिवारी, उदासी राम, दुवासी राम, राकेश तिवारी, पीलाराम, पेखन साहू, दशरथ श्रीवास, लेखन साहू, संतोष साहू पूनऊ, संजय, मनहारण पोर्ते, शिवचरण विनोद, रामकुशल सहित अन्य उपस्थित रहे।




## खबर संक्षेप

### धीरेन्द्र शास्त्री पर गलत टिप्पणी करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग



बिलासपुर। सोशल मीडिया पर बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पूज्य धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ किए गए गलत बयानबाजी पर रोक लगाते राष्ट्रपति से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। कलेक्टर के माध्यम राष्ट्रपति को सौंपे गए ज्ञापन में सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम सुन्दर कांड मंडल केन्द्रीय समिति के सदस्यों ने बताया कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्या धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज सनातन हिन्दू जोड़ो द्वितीय पदयात्रा दिल्ली कात्यानी मंदिर छतरपुर से शुभारंभ होकर श्रीधाम वृदांवन, बांकेविहारी तक विराम होगी। सनातन हिन्दू जोडो पदयात्रा को लेकर ग्वालियर के कथित व्यक्ति द्वारा मिथ्या आरोप लगाए हैं। आयार्च पं. धीरेन्द्र शास्त्री के मान-सम्मान स्वाभिमान को आघात पहुंचाया है। करोडों व्यक्तियों के आस्था के प्रतीक पूज्य धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ अपमानित टिप्पणी से समूचा हिन्दू समाज द्रवित है। सनातन संस्कृति और स्वाभिमान के खिलाफ अपमान करने वाले कथित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कर्रवाई की जाए। सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम सुन्दर कांड मंडल केन्द्रीय समिति, संत-महात्मा एवं शिष्य मंडल, सेवा मंडल, दीक्षित शिष्य मंडल सभी सामाजिक प्रतिनिधि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करती है।

### नगर विधायक अमर ने धन गुरु नानक दरबार में माथा टेका



बिलासपुर। धनगुरु नानक दरबार डेरा संत बाबा थीहिरिया सिंह साहब सिंधी कॉलोनी से प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी चालीस दिन का जपजी साहब का अखंड पाठ नियमित रूप से चल रहा है। यह कार्यक्रम गुरु नानक देव के 556 वे प्रकाश पर्व पर आयोजित है। जिसमें 30 तारीख से नियमित प्रभात फेरी निकाल जा रही है। जिसका समापन 5 नवंबर को गुरु नानक जयंती के दिन होगा। सोमवार को धन गुरु नानक दरबार में नगर विधायक अमर अग्रवाल ने आकर मत्था टेका एवं जनकल्याण के लिए अरदास कराई। 4 नवंबर को यह प्रभात फेरी गुरुद्वारा से आरंभ होकर अर्चना बिहार नेहरू नगर से होते हुए कारगिल चौक से वापस पहुंची। 5 तारीख को गुरु नानक जयंती के दिन प्रभात फेरी दरबार से रोते हुए राजेंद्र नगर देवकीनंदन चौक पर पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के द्वारा स्वागत किया जाएगा। पुराना पुल से होते हुए सरकंडा पहुंचेगी। तत्पश्चात नए पुल से होते हुए नेहरू चौक से सिंधी कॉलोनी होते हुए धन गुरु नानक दरबार पहुंचेगी। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में मूलचंद नारवानी,सोनू लालचंदानी, पूर्व पारशद सुरेश वाधवानी , प्रकाश जाग्यासी ,नानक पंजवानी राजकुमार कलवानी, दिलीप जगमालानी, नरेश मेहरचांदनी, चंदू मोटवानी, भोजराज नरवानी, मेघराज नारा, अशोक मतलानी, सुरेश माधवानी, विकास बजाज, गंगाराम सुखीजा, कंचन सुरेश वाधवानी आदि का सहयोग रहा।

### अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय ने नीलम को दी पीएचडी की उपाधि



बिलासपुर। अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय ने नीलम सोनी को नीलम सोनी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। इन्होंने अपना शोध कार्य बिलासपुर नगर के शासकीय ई. राघवेंद्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डा. रीता बाजपेई के कुशल मार्गदर्शन में पूर्ण किया। इनके शोध का विषय ए कम्परेटिव स्टडी आफ ट्रेस एलिमेंट्स एण्ड हैवी मेटल्स इन आयुर्वैदिक मेडिसिन्स आफ डिफरेन्ट ब्राण्डस था।

### शहर के वरुण बने सीए

बिलासपुर। शक्ति विहार कालोनी ड्रीम लैंड स्कूल के पीछे सरकंडा में रहने वाले वरुण शर्मा ने सीए बनने में सफलता हासिल की है। वे पीएनएस महाविद्यालय के प्राचार्य डा. एसके शर्मा एवं वंदना शर्मा के पुत्र हैं। इससे पहले वरुण ने नेट की परीक्षा भी पास कर ली है। वे शुरू से ही प्रतिभाशाली रहे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजन, कड़ी मेहनत और परिजन को दिया है।



### कलेक्टर ने की धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा



बिलासपुर। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज साप्ताहिक टीएल बैठक में धान खरीदी सहित शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस माह 15 नवम्बर से किसानों से धान खरीदी शुरू होने वाली है। चेकलिस्ट के अनुरूप संबंधित अधिकारी तमाम तैयारियां पूर्ण कर ओके रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंप दे। खरीदी कार्य से जुड़े कर्मियों को अंतिम रूप से प्रशिक्षण भी दिया जाए। धान बेचने और इसका भुगतान पाने में किसानों को किसी भी स्तर पर कोई दिक्कत नहीं होने चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि कुछ किसान पीएम किसान सम्मान योजना का लाभ पाने से छूटे हुए हैं। ऐसे एक-एक किसान की पतासाजी कर उन्हें योजना का फायदा दिलाया जाए। पीएम सूर्यघर निःशुल्क बिजली योजना के तहत जिले में 4 हजार के लगभग आवेदन मिल चुके हैं। उन्होंने शिविर लगाकर और ज्यादा लोगों को इसका लाभ पहुंचाने को कहा है। शहरी विद्युतीकरण योजना के तहत अंधेरे एवं असामाजिक तत्वों के जमावड़े वाले जगहों का चिन्हांकन कर वहां बिजली एवं स्ट्रीट लाईट विस्तार करने प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। नगर निगम और सीएसईबी मिलकर इस योजना में आगे काम करेंगे।



घटनास्थल का जायजा लेते कलेक्टर, एसएसपी व निगम आयुक्त।



घायलों को बाहर निकालते लोग।



ट्रेन से शव निकालते जीआरपी के जवान।

गैस कटर से बाहर निकाला गया चालक का शव, लाश को एक-एक कर रवाना किया गया अस्पताल

# लोकल और मालगाड़ी हादसा : लावारिस पड़ी रही यात्रियों की लाश, बिलखते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगलवार को बिलासपुर मंडल में कोरबा लोकल और मालगाड़ी की टक्कर से कोच में सवार दर्जनों यात्री घायल हुए, वहीं एक दर्जन से अधिक यात्रियों की मौत हो गई। इन मृत यात्रियों की लाश इधर-उधर पड़ी रही, जिन्हें एक-एक कर अस्पताल भेजा गया। वहीं घायलों का उपचार जिला अस्पताल, रेल अस्पताल के साथ सिम्स में शुरु कर दिया गया है।

लालखदान हादसे में ट्रेन के चालक, असिस्टेंट लोको पायलट सहित पीछे लगे दो कोच में सवार 50 से अधिक यात्री घायल हुए और 15 से अधिक यात्रियों की मौत हो गई, जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। कई की जान तो कोच के उपकरण और बर्थ में दबकर चली गई, जिनके शव को बाहर निकालने में रेल प्रशासन को काफी मशक्कत करना पड़ गया। वहीं कोच से गिरने के कारण कई की लाश लाइन के किनारे लावारिस हालत में पड़ी हुई थी। रेलवे प्रशासन को अब तक घायलों और मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है, जिसके लिए हेल्प लाइन नम्बर जारी किया गया है।

### सारे अफसरों की ली महाप्रबंधक ने क्लास

रेलवे में आटोमैटिक सिग्नलिंग होने के बाद भी मालगाड़ी और लोकल ट्रेन के हादसे की सूचना रेल मंत्रालय तक पहुंच गई। मंत्रालय ने तत्काल मृतकों और घायलों को सहायता पहुंचने का निर्देश दिया। जानकारी मिलते ही जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश सहित बिलासपुर डिवीजन और जोन के सारे अफसर मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचने के बाद जीएम ने सारे अधिकारियों और स्टाफ की क्लास लेना शुरु कर दिया।

### हादसे में घायलों के नाम

1 रश्मि राज, लोको पायलट
2 तुलाराम अग्रवाल आजाद नगर बिल्हा
3 आराधना निषाद लिंगियाडीह बिलासपुर
4 मथुरा भास्कर किसान परसदा मस्तूरी
5 चौरा भास्कर किसान परसदा मस्तूरी
6 शत्रुघन किसान परसदा मस्तूरी
7 गीता देवनाथ हेमू नगर
8 मेहवित खान नैला जांजगीर
9 सोनी यादव
10 अंजुला सिंग
11 प्रितम कुमार
12 राधा निषाद
13 शांता देवी गौतम
14 ऋषि यादव
15 शैलेश चंद्रा रेलवे गार्ड
16 अशोक कुमार दीक्षित, ट्रेन एमजीआर
17 संजू विश्वकर्मा आमा पारा बिल्हा
18 मोहन शर्मा देवपुरी रायपुर
19 नीरज देवांगन भटगांव
20 संतोष हंशराज

■ घायलों में बिल्हा, बिलासपुर रायपुर के लोग

### सीआरएस करेंगे जांच आज

रेलवे से जानकारी के अनुसार नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन दक्षिण पूर्व सर्किल के रेल सुरक्षा आयुक्त बीके मिश्रा गुरुवार को डीआरएम कार्यालय पहुंचकर अपनी जांच शुरू करेंगे। यह जांच सुबह 9 बजे से शुरू होकर पूरी होने तक चलेगी। इसके लिए रेलवे ने सभी साक्ष्य रखने वालो को उपस्थित होने कहा है।

### निजी अस्पताल भी ले जाया गया

बताया जा रहा है कि रेलवे से टाइअप होने के बाद कुछ घायलों को सीधे निजी अस्पतालों में भी भर्ती किया गया है। जिसमें व्यापार विहार स्थित अरपा मेडिसिटी में 3 घायलों का इलाज जारी है। 3 घायलों की हालत नाजुक है।

## 7 घायलों को सिम्स में किया गया भर्ती

लालखदान के पास हुए रेल हादसे में दो दर्जन भर लोगों के घायल होने की खबर है। सिम्स और रेलवे अस्पताल के साथ ही निजी अस्पतालों में मरीजों को भर्ती किया गया है। मंगलवार की देर शाम मरीजों को सिम्स लाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। रेलवे हादसे में घायल 7 लोगों को सिम्स में भर्ती किया गया। घटना की सुचना मिलते ही प्रशासन ने सिम्स, जिला अस्पताल और डाक्टरों को सक्रिय कर दिया है। रात 8 बजे तक सिम्स में 7 घायलों को भर्ती किया गया। इस दौरान 4 घायल को ट्राइएज, 2 घायल कजुवल्टी और 1 को वार्ड में सिम्स किया गया। रात 9 बजे तक एक व्यक्ति की हालत में सुधार होने के बाद उसे भी वार्ड में भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि सिम्स में भर्ती घायल की हालत फिलहाल स्थिर है।

■ ट्राइएज और कैजुवल्टी में किया गया है भर्ती

### विलंब से रवाना होंगी ट्रेनें

रेल हादसे के बाद रेल प्रशासन ने हावड़ा-मुंबई की लाइन पर चलने वाली ट्रेनों को पुर्ननिर्धारित कर चलाने का निर्णय लिया है। जिस तरह लोकल के ब्रेक यान और इंजन सहित महिला कोच मालगाड़ी के ऊपर चढ़े हैं, उससे लाइन देर रात तक अवरूद्ध रहने की संभावना है। इसे देखते हुए रेलवे ने कोरबा से 16.10 बजे रवाना होने वाली 18517 कोरबा-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस को 5 घंटे विलंब से यानि रात 21.30 बजे, कोरबा से रवाना होने वाली 18239 गेवरारोड-नेताजी सुभाषचंद्र बोस एक्सप्रेस 3 घंटे 30 मिनट विलंब से रात 21.43 बजे, बिलासपुर से 18.50 बजे रवाना होने वाली 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस 3 घंटे विलंब से रात 21.50 बजे रवाना करने का निर्णय लिया है। उधर, रायगढ़ से लेकर बिलासपुर तक के सारे स्टेशनों में ट्रेनों को रोका गया। रायगढ़ में साउथ बिहार और दुरंतों को रोककर रखा गया। घटना के कारण हर तरफ अफरा तफरी का माहौल है।

## घायलों से मिले तोखन और धरमलाल



केंद्रीय राज्य मंत्री तथा बिलासपुर सांसद तोखन साहू सेंट्रल रेलवे अस्पताल एवं सिम्स अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने कोरबा पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच हुई टक्कर में घायल यात्रियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।

मंत्री ने प्रत्येक घायल यात्री से बातचीत कर उनके उपचार की जानकारी ली और चिकित्सकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इलाज में किसी भी प्रकार की कमी न रहे तथा सभी मरीजों को आवश्यक चिकित्सीय सुविधा तत्काल उपलब्ध कराई जाए। श्री साहू ने बताया कि वे इस पूरे हादसे की जानकारी निरंतर प्राप्त कर रहे हैं और राहत व बचाव कार्यों की स्थिति पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर प्रभावित यात्रियों की सहायता में जुटी हैं। इस दौरान श्री साहू ने कहा कि यह दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि घायल शीघ्र स्वस्थ हों और प्रभावित परिवारों को इस कठिन समय में शक्ति व संबल मिले। इस अवसर पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अस्पताल पहुंचे विधायक अटल व दिलीप





कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव, कांग्रेस विधायक दिलीप लहरिया, राजेंद्र शुक्ला, प्रमोद नायक, अभय नारायण राय, जितेंद्र पांडे, शिव बालक कौशिक आदि ने रेलवे हॉस्पिटल और सिम्स पहुंचकर घायलों से और उनके परिजनों से मुलाकात की। हर संभव सहायता प्रदान करने की बात कही। घटना की जानकारी होते ही जनप्रतिनिधि होने के नाते विधायक अटल श्रीवास्तव, विधायक दिलीप लहरिया और कांग्रेस के नेता मौके पर पहुंच गए थे। वहां यथासंभव घायलों को यात्रियों को सहयोग प्रदान किया।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी




कोरबा मेमू लोकल ट्रेन और मालगाड़ी के बीच गतौरा स्टेशन के पास भीषण एक्सीडेंट में मारे गए लोगों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शहीद विनोद चौबे प्रतिमा के पास कैंडल जला कर मृत लोगो को श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस रेल प्रशासन से मांग करती है कि मृतकों के परिजनों को एक -एक करोड़ की मुआवजा,परिवार के एक सदस्य को रेल विभाग में नियमित नौकरी और गम्भीर घायल लोगो को कम से कम 50-50 लाख की सहायता एवं सामान्य घायल लोगो को 5 -5 लाख की मदद दी जाए। कांग्रेस ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से तत्काल इस्तीफे की मांग करती है। कांग्रेस ने कहा कि देश मे आए दिन रेल दुर्घटनाएं हो रही है, पर रेल मंत्री न तो इस्तीफा दे रहे है और न ही सिस्टम में कोई सुधार के लिए कारगर व्यवस्था कर रहे है, जब से संचार प्रणाली कंप्यूटेरिसड हुआ है,रेल दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। रेल मंत्रालय कहता है कि एक ही ट्रैक में दो से तीन गाड़ियों का परिचालन होता है और एक निश्चित दूरी पर गाड़ियां रुक जाती है किंतु इस दुर्घटना ने सिद्ध कर दिया कि सरकार की सारे सिस्टम फेल है। कैंडल जलाने वालों में पूर्व महापौर रामशरण यादव, नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप,प्रवक्ता ऋषि पांण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजू यादव,पूर्व पार्षद रमाशंकर बघेल ,पूर्व पार्षद स्वर्णा शुक्ला, शेख निजम्मुदिन,आशुतोष शर्मा,अयाज खान,अहमद असद,रवि गेडाम,रमजान गौरी,कृष्ण मुरारी बाजपेयी,रितेश मसीह,वकार खान,वसीम बख्स,अखलाक खान,कमल गुप्ता आदि उपस्थित थे ।

## पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है कैट : सलूजा

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा, बिलासपुर महामंत्री हीरानंद जयसिंह, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल , मंत्री राजेश सैनी,राजेंद्र सिंह ने रेलवे अस्पताल में जा कर घायलों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स और बिलासपुरवासी इस संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। उनके दुख को महसूस करते हैं। रेलवे, प्रशासन एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स परिवार और बिलासपुर के हर नागरिक समाज इस मुश्किल वक्त में हर संभव सहायता देने के लिए तत्पर है। ईश्वर ऐसी दुर्घटनाओं से सभी को सुरक्षित रखे और हमारे शहर में फिर कभी ऐसा दुःख न आये — यही कामना है। सभी मृतकों को श्रद्धांजलि और घायलों के अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना की है।

# एसईसीएल सीएमडी ने किया 'डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 2025' का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने एसईसीएल मुख्यालय में 'डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 2025' का शुभारंभ । यह अभियान कोयला खान भविष्य निधि संगठन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जो 4 नवंबर से 28 नवंबर तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत एसईसीएल के सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए मुख्यालय सहित सभी संचालन क्षेत्रों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं, जहां वे अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सहज रूप से जमा कर सकेंगे। अभियान के शुभारंभ अवसर पर निदेशक (तकनीकी/संचालन) एन. फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन तथा निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) रमेश चंद्र महापात्र उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एसईसीएल के सीएमडी श्री हरीश ने शिविर में उपस्थित पेंशनभोगियों से आत्मीय संवाद कर उनका हालचाल जाना और उन्हें आश्वस्त किया कि एसईसीएल अपने सेवानिवृत्त कर्मियों के कल्याण और सुविधा के लिए हरसंभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है।



### विभिन्न क्षेत्रों में संचालित शिविर

एसईसीएल सीएमडी ने बताया कि कोरबा क्षेत्र में 4 से 5 नवंबर, रायगढ़ क्षेत्र में 6 से 7 नवंबर, गेवरा क्षेत्र में 10 से 11 नवंबर, कुसमुण्डा क्षेत्र में 12 से 13 नवंबर, जमुना–कोतमा क्षेत्र में 13 से 14 नवंबर, चिरमिरी क्षेत्र में 17 से 19 नवंबर, बैकुंठपुर क्षेत्र में 20 से 21 नवंबर, भटगांव क्षेत्र में 5 नवंबर, बिश्रामपुर क्षेत्र में 6 नवंबर, हसदेव क्षेत्र में 10 से 12 नवंबर, सोहागपुर क्षेत्र में 10 से 11 नवंबर तथा जोहिला क्षेत्र में 12 से 13 नवंबर तक रहेगा। इन शिविरों में पेंशनभोगी निःशुल्क अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। पेंशनभोगियों को शिविर में पेंशन पेमेंट ऑर्डर, बैंक पासबुक एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर अपने साथ लाना आवश्यक होगा।

डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर में 4 नवंबर से 28 नवंबर तक (शनिवार एवं रविवार को छोड़कर) विशेष शिविर लगाया जाएगा।

# क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो में निवेश का सुनहरा अवसर 7 से

बिलासपुर। बिलासपुर शहर रियल एस्टेट सेक्टर में एक नया अध्याय जोड़ने जा रहा है। फॉर्च्यून एलिमेंट्स द्वारा प्रस्तुत क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो-2025 का भव्य आयोजन आगामी 7, 8 एवं 9 नवम्बर को कुंदन पैलेस, श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में किया जाएगा। आपने एड्रेस चेंज कराया क्या? थीम पर आधारित यह आयोजन शहर का सबसे बड़ा रियल एस्टेट एक्सपो होगा, जो निवेशकों, गृह-खरीदारों और उद्यमियों के लिए अनेक नए अवसर लेकर आ रहा है।



### एक ही छत के नीचे 30 से अधिक प्रोजेक्ट्स

इस एक्सपो में 30 से अधिक आवासीय एवं व्यावसायिक प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए जाएंगे। सभी प्रोजेक्ट्स टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से अनुमोदित एवं रेरा रजिस्टर्ड हैं। निवेशक और आम नागरिक अपने सपनों के घर या ऑफिस के लिए सर्वश्रेष्ठ डील्स और ऑफर्स का लाभ उठा सकेंगे। एक्सपो के मुख्य सहयोगी - फारचून एलाइमेंट, डीसीटी रियल स्टेट एण्ड डेवलपर्स, एसबीआई, बाथ केयर पार्टन जागुआर एक्सपो के आकर्षण- हर घंटे सिल्वर कॉइन जीतने का मौका है। इसमें पहला इनाम स्कूटी है। प्रत्येक बुकिंग पर निश्चित उपहार – एसी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एलईडी टीवी, माइक्रोवेव सहित 3 लाख तक के आकर्षक इनाम, लकी ड्रा द्वारा विशेष पुरस्कार आस-पास के जिलों के लिए सुनहरा निवेश अवसर है। यह बिलासपुर, अंबिकापुर, रायगढ़, कोरबा, पेण्ड्रा-गौरेला-मरवाही, मुंगेली, जशपुर, सारंगढ़, जांजगीर और चांपा जैसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों के लिए भी निवेश का अवसर है। एक्सपो के दौरान विशेष सत्र "युवा संवाद" का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बिलासपुर की विभिन्न व्यापारिक एवं सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने शहर और क्षेत्र के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। कार्यक्रम को सफल बनाने सुशील पटेरिया अध्यक्ष, अमित अग्रवाल, हेमंत जिमनानी, घनश्याम शुक्ला, सोहल हक एवं अजय श्रीवास्तव, राहुल ग्वालानी, राहुल कँजानी, संचित, मनीष बजाज आदि सक्रिय हैं।

बिलासपुर, बुधवार 5 नवंबर 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## केवी के बच्चों ने दी आदिवासी नृत्य, संगीत की प्रस्तुति



**बिलासपुर।** केवी सीआरपीएफ में जनजातीय गौरव पखवाड़ा धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दौरान बच्चों ने आदिवासी नृत्य, संगीत की रंगारंग प्रस्तुति दी। इस पखवाड़े का उद्देश्य भारत की जनजातीय संस्कृति, उनकी समृद्ध परंपराओं और उसके योगदान को उजागर करना है। प्राचार्य रमाकांत कौशिक ने बताया कि केंद्र सरकार ने बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस एवं पखवाड़ा के रूप में मनाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत 1 से 15 नवंबर तक विद्यालय में विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें आदिवासी नृत्य, संगीत और उनके योगदान पर परिचर्चा शामिल रहा। बीहू, कर्मा, संबलपुरी, पहाड़ी आदि नृत्यों द्वारा कक्षा नवमीं की छात्रा वैभवी, तनिशा, तान्या, मान्या, हिमांशी, लावण्या, अग्रिमा एवं हर्षिता ने लोक कला की विविधताओं को प्रदर्शित किया।

आयोजन

## दीपावली मिलन में गेम होजी व स्पर्धा रखी गई



**बिलासपुर।** लायंस क्लब स्माइल और गुलदस्ता फाउंडेशन की मीटिंग और दीवाली मिलन का कार्यक्रम रखा गया,जिसमें क्लब की समस्त सदस्य ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया,अध्यक्ष रीता राजगीर के द्वारा दीप प्रज्वलंन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमें विभिन्न मजेदार गेम ,होजी एवं स्पर्धा रखी गई समय पर आने के लिए ज्योति सिंगरोल और गेम में प्रथम निक्की पांडे, द्वितीय कामिनी स्वर्णकार तृतीय संगीता लांजेवर,चतुर्थ गीता प्रजापति पांचवा रेणुका स्वर्णकार छठवां शिवानी पांडे को दिया गया। क्लब की आगामी गतिविधियों पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में संस्था की सचिव डॉक्टर सुरभि राजगीर, कोषाध्यक्ष दीप्ति साहू, डॉ सविता पांडे, डॉ ज्योति नामदेव, रिद्धि मेहता ,स्नेहलता गुप्ता सुनीता विश्वकर्मा नेहा गुप्ता, अर्चना उपस्थिति रही।

भ्रमण

## बच्चों ने किया इनक्यूबेशन सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण



**बिलासपुर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बहतराई कैंपस के क्लास फर्स्ट के छात्रों ने मंगलवार को सेंट्रल लाइब्रेरी और इनक्यूबेशन सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इनक्यूबेशन सेंटर में इन एलिमेंट्री कक्षा के छात्रों का पहला भ्रमण था। जिसमें नन्हे बच्चों ने एक जगह बड़े छात्रों को मेहनत करके जॉब पाने का प्रयास करते देखा वही इनक्यूबेशन सेंटर में छात्रों को स्टार्टअप के लिए जूझते देखा। बच्चों का जिज्ञासा देखकर सभी हतप्रभ थे, सेंट्रल लाइब्रेरी में इन छोटे बच्चों ने पीएससी आकांक्षी उम्मीदवारों के व्यक्तिगत प्रश्न किए जैसे अधिकारी बनने के लिए क्या क्या करना पड़ता है, और क्या क्या काम करना पड़ेगा। यह कार्यक्रम स्मार्ट सिटी के एमडी अमित कुमार के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंजू मैडम, विशाल,गोविंद, श्रीप्रकाश शुक्ल, प्रकाश निर्मलकर मौजूद रहे।

आयोजन

## ब्लाइंड स्कूल तिफरा में लायंस क्लब ने की सेवा



**बिलासपुर।** लायंस क्लब के द्वारा ब्लाइंड स्कूल, ज्ञान दीप कन्या स्पर्श विद्यालय अभिलाषा परिसर तिफरा में अन्ध मुक्त बच्चों को आवश्यक सामग्री,स्वेटर, टोपा, चावल, दाल, आटा, शक्कर, नमक, डस्टबिन, साबून, तेल, ब्रश ,बिस्कुट, बाल्टी, मग आदि का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में लायन मनजीत सिंह अरोरा की विशेष योगदान रहा। ब्लाइंड बच्चीयों ने गीत गाकर लायंस परिवार का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रीत पाल बाली, लायन आर के अग्रवाल, लायन शैलेष बाजपेयी, लायन दौलत खत्री लायन डॉ अरूण शुक्ला, लायन सजय गुप्ता, लायन श्री कात सहारे, लायन नरेश लिखमानिया, लायन विमल केडिया, लायन राकेश सखुजा, लायन मोहन होनफ, लायन हरभजन सिंह गभीर, डॉ कुश श्री वास्तव, लायन सतोष पान्डेय सहित विद्यालय के समस्त कर्मचारी और ब्लाइंड बच्चे उपस्थित थे।

# विग्रह प्रतिष्ठा महोत्सव : निकाली गई मूर्तियों की शोभायात्रा

घोंघाबाबा मंदिर परिसर में चल रहे देवाधिदेव ललितेश्वर महोदव एवं नवग्रह विग्रह प्रतिष्ठा महोत्सव के छठवें दिन मंगलवार को मूर्तियों की शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से मूर्तियों का शिखर अभिषेक कर शैय्याधिवास किया गया। बुधवार 5 नवंबर को सुबह 11 बजे विधि-विधान से देवाधिदेव ललितेश्वर महोदव एवं नवग्रह विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्रीराम मंदिर बलखंडी बाबा कमेटी न्यास बिलासपुर के अध्यक्ष व प्रबंध न्यासी मंगतराय अग्रवाल ने बताया कि देवाधिदेव ललितेश्वर महोदव एवं नवग्रह विग्रह प्रतिष्ठा महोत्सव में राम मंदिर न्यास के अंतर्गत डेढ़ सौ साल पुराना मंदिर का जिर्णोद्धार करा शिव परिवार की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा कराई जा रही है। प्रतिदिन हो रहे दैनिक पूजन, हवन से मंदिर परिसर का माहौल आध्यात्मय बना हुआ है। पूजन में यजमान सहित अन्य श्रद्धालु भक्त उत्साह से भाग ले रहे हैं।

यह आयोजन भगवान आशुतोष की कृपा एवं न्यास के संरक्षक गुरुदेव ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के आशीर्वाद से हो रहा है। इसमें पूज्य श्रीचक्र महामेरु पीठाधिपति अनंत श्री विभूषित श्रीश्री सच्चिदानंद तीर्थ महास्वामी महाराज एवं यज्ञ के आचार्य पूज्य पं. वीरेश्वर (धनंजय) दातार का सानिध्य भी प्राप्त है। इस महोत्सव का समापन बुधवार 5 नवंबर को सुबह साढ़े 11 बजे पूर्णाहुति एवं दोपहर 12 बजे प्रसाद वितरण के साथ होगा।

### मंत्रोच्चार के साथ मूर्तियों का हुआ शिखर अभिषेक, शैय्याधिवास





### लोग हर दिन पहुंचते हैं मंदिर

घोंघाबाबा मंदिर एक ऐसा धार्मिक परिसर है जहां श्री खाटू श्याम मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव परिवार का मंदिर, जीण माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों में अनेक देवी-देवताओं का एक साथ दर्शन हो जाता है। इसी विशेषता के चलते दूर-दराज से श्रद्धालु, भक्त इस मंदिर परिसर में हर दिन पहुंचते हैं और दर्शन, पूजन कर सुख-शांति की कामना करते हैं। यहां के सभी दिव्य, दर्शनीय मंदिर लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहता है। अब शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा मंदिर परिसर की खूबसूरती पर और चार चांद लगा देगा।



### इनका मिल रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में न्यासीबण मंगतराय अग्रवाल, राजेंन्द्र खेड़िया, दीपक मोदी, अशोक, नंदकिशोर अग्रवाल, ठाकुर धर्मजीत सिंह, मनोज भण्डारी, गोपाल प्रहलादराय शर्मा, आनंद सोनी, शेखर मुदलियार, अनिल, विकास अग्रवाल, कमल सोनी, राजेश गोयल, सुभाष अग्रवाल सहित अन्य सभी सदस्यों का सहयोग मिल रहा है।

प्रॉप टॉक एवं स्टोरी टेलिंग गतिविधि

## डीपीएस के नन्हें बच्चों ने बखूबी संभाला मंच

बिलासपुर। दिल्ली पब्लिक स्कूल में पी.पी डब्लू विंग में प्रॉप टॉक एवं स्टोरी टेलिंग एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के भाषा कौशल,उच्चारण,आत्मविश्वास और मंच पर प्रस्तुति देने की क्षमता को विकसित करना था। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने प्रतिभागियों ने मंच संभाला, बच्चों के भावभंगिमा, स्पष्ट उच्चारण और सटीक लय के साथ कहानीयां सुनाकर सबका मन मोह लिया। मंच सजावट ने पूरे माहौल को और भी आकर्षक बना दिया। इस गतिविधि के निर्णायक गण में बॉबी मथाई मैडम एवं देबोलीना चक्रवर्ती मैडम शामिल थे। एक्टिविटी के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य जसपाल सिंह माथ एवं प्रशासनिक अधिकारी आरसी मोहंती ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत की गई नए एवं पुराने कहानियों की सराहना की और कहा इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास एवं उनकी रुचियां को आगे बढ़ाने में मदद करती है।



### इन छात्रों ने दी प्रस्तुति

नर्सरी में-घनीश पमनानी, विराज मर्दा, श्रीनय शर्मा, यक्षित अग्रवाल, काव्या यादव, अव्यान बत्रा, अद्धृति सिंह, एलके में कियान झा, विहान मिश्रा, इवांशिका परिहार, निया चोपड़ा, देवर्ष शराफ, भक्ति अग्रवाल, अद्वित जायसवाल, अंश अमोल पेड़ेगांवकर, यूकेजी में तान्या सलूजा, ईशान कौशिक, शेख आकिब, पृषा डांगी, अमायरा अग्रवाल, आरिका जायसवाल, अन्विता जायसवाल, आशी दुबे सहित अन्य छात्रों बने प्रस्तुति दी।

## 713 सामूहिक पूज्य बहराणा साहेब की पूजा

**बिलासपुर।** सिंधी समाज के आराध्य देवता भगवान झूलेलाल का पहली बार 713 सामूहिक पूज्य बहराणा साहेब पूजा का आयोजन किया गया। यह ऐतिहासिक आयोजन पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत, झूलेलाल सेवा समिति, सिंधी सेंट्रल युवा विंग–महिला विंग,समस्त 17 सिंधी वार्ड पंचायतें तथा सिंधु अमरधाम आश्रम झूलेलाल मंदिर चकरभाठा के संयुक्त तत्वावधान में झूलेलाल मंगलम में हुआ। 713 की यह विशेष संख्या साथ तेरा के पावन भाव का प्रतीक है, जो झूलेलाल भगवान के प्रति श्रद्धा, एकता और भक्ति का संदेश देती है। पूरे सिंधी समाज ने एक स्वर में हाथ जोड़कर प्रार्थना की। यह पूरा कार्यक्रम चकरभाठा के संत सतगुरु साईं लालदास साहेब के पावन सानिध्य में सम्पन्न हुआ। लगभग दो हजार श्रद्धालु इस विशाल पूजा में सम्मिलित हुए। यह पूजा सुख–शांति, समृद्धि, रक्षा एवं मनोकामना पूर्ति हेतु की जाती है। जिले में पहली बार इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 713 श्रद्धालु परिवारों ने भाग लिया,बहराणा पूजन में जिले के साथ-साथ अन्य जिलें एवं राज्यों जैसे मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, कोरबा जिला, बस्तर जिला, मुंगेली, कोरबा,जांजगीर इत्यादि स्थानों के श्रद्धालुओं ने अपना पंजीयन कराया एवं पूजा में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में पूजन में सम्मिलित सभी श्रद्धालुओं को स्मृति–चिह्न स्वरूप झूलेलाल साईं जी की तस्वीर, प्रसाद तथा पूजन थाल प्रदान किए गए।



## देवी भागवत महापुराण में महिषासुर वध की कथा सुनाई

**बिलासपुर।** श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ लालबहादुर शास्त्री स्थित देवकीनंदन सभा गृह में आयोजित की जा रही है, जहां भगवताचार्य आचार्य अमरकृष्ण महराज के द्वारा कथा का रसपान किया जा रहा है।



चौथे दिन मंगलवार को भगवताचार्य ने महिषासुर शुंभ- निशुंभ व वृत्रासुर वध की कथा श्रवण कराई गई। उन्होंने बताया कि बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा पर वेदी पूजा के पश्चात खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जाएगा। कथा होगी,1008 दीप दान संगठन की बहनों द्वारा किया जाएगा, छत्तीसगढ़ की पारम्परिक सुआ नृत्य भी होगा जिसके लिए सुआ नृत्य की टीम आएगी। 8 नवम्बर को हवन के पश्चात भंडारा भी किया जाएगा। इस अवसर पर वंदना शैलेश तिवारी, सीमा अखिलेश पाठक, मंजू महेंद्र पांडेय मौजूद रहे।



साध संगत में गुरु का अटूट लंगर भी वरताया जाएगा

## श्री गुरुनानक देव के पावन प्रकाश पर्व पर सजेगा भव्य दरबार

श्री गुरुनानक देव महाराज जी के पावन प्रकाश पर्व पर श्री गुरुनानक स्कूल प्रांगण मे भव्य दरबार सजाया जाएगा, लगभग 10 हजार वर्ग फूट डोम में बुधवार को विशेष दीवान सजेगा।

कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दीवान में देश के प्रख्यात प्रोफेसर भाई साहब भाई सुखवंत सिंह, भाई साहब भाई सतपाल सिंह,भाई मनिंदर सिंह, हुजुरी रागी जत्था गुरूसिंघ सभा दयालबंद एवं ज्ञानी मान सिंह बडला हेड ग्रंथी गुरूसिंघ विशेष रुप से हाजिरी भर कर संगत को निहाल करेंगे। इसके उपरांत साध संगत में गुरु का अटूट लंगर भी वरताया जावेगा। रात का दीवान भी श्री गुरुनानक स्कूल प्रांगण के खुले पंडाल में सजाया जाएगा। मुख्य सेवादार मनदीप सिंह गंभीर के नेतृत्व में पुरी टीम के साथ पंजाबी समाज की सभी संस्था विशेष रुप से सहयोग कर रही है। यह जानकारी गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद के सहसचिव डॉ चरनजीत सिंह गंभीर द्वारा दी गई।







## मोक्ष मार्ग बाहर कम और भीतर ज्यादा है, सिद्धों की करनी होगी आराधना

**बिलासपुर।** जीवन में सिद्ध अवस्था को प्राप्त करना है तो हमें सिद्धों की आराधना करनी होगी। हमें जानना होगा वो कैसे सिद्ध परमेष्ठी बने हैं, उनका संसार से आवागमन कैसे छूट गया परम पद में पहुंचने के लिए उन्होंने क्या प्रयत्न किया। हम भी सिद्ध बन सकते हैं, यह सब चिंतन जिसने कर लिया वह सिद्धत्व दशा को प्राप्त कर सकता है, इसीलिए सिद्धचक्र महामंडल विधान की आराधना की जाती है। यह बातें श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर क्रांतिनगर में सिद्धचक्र महामंडल विधान आराधना के दौरान धर्म सभा को संबोधित करते हुए विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी मनोज भैया ने कहीं। दरअसल सिद्धचक्र महामंडल विधान के रूप में विशिष्ट धार्मिक अनुष्ठान आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर क्रांतिनगर में ललितपुर से पधारे विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी मनोज भैया द्वारा संपन्न कराया जा रहा है। जिसके तहत 8 दिन तक लगातार सिद्धों की आराधना के दौरान 1024 अर्घ्य समर्पण किए जाते हैं। इसी क्रम में विधान के छठवें दिन 256 अर्घ्य विधानाचार्य भैय्या ने अर्पित करवाए।

## खबर संक्षेप

### सिंधी गुरुद्वारे में गुरुग्रंथ साहब की स्थापना



**गौरेला।** सिंधी समाज के गुरूद्वारे का उद्घाटन सोमवार 3 नवंबर को नवीन गुरूग्रंथ साहेब की स्थापना के साथ हुआ। गुरुग्रंथ साहब की स्थापना सिंधी समाज गौरेला के संरक्षक राजकुमार मेठवानी एवं अध्यक्ष जयप्रकाश शिवदासानी की अगुवाई में संपन्न हुआ। नवीन गुरूग्रंथ साहेब जी के प्रथम पाठ का वाचन कुलदीप रिंकू सिंह धीरज ने किया, तत्पश्चात आरती एवं अरदास भी संपन्न की गई। इन सभी कार्यक्रमों में भगत मेठवानी, राजा थावरानी, महेश शिवदासानी, अनिल मेठवानी एवं पूज्य सिंधी समाज के सभी सदस्य सहित सिन्धु महिला मंडल का विशेष योगदान रहा।

### जिला मेडिकल बोर्ड की बैठक 12 को

**मुंगेली।** जिला चिकित्सालय में शारीरिक योग्यता प्रमाण पत्र के लिए जिला मेडिकल बोर्ड की बैठक 12 नवंबर को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में पंजीयन सुबह 10 बसे दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। सिविल सर्जन ने बताया कि, प्रत्येक बुधवार को मेडिकल बोर्ड की बैठक का आयोजन किया जाता है, शासकीय अवकाश होने के कारण 5 नवंबर को उक्त बैठक को स्थगित किया गया है।

### किसानों को किया गया अलसी बीज का वितरण



**गौरेला।** एनएमईओ योजना अंतर्गत विखं गौरेला के ग्राम नेवसा के किसानों को अलसी का बीज वितरण किया गया। गौरेला कृषि विभाग की ओर से जनपद पंचायत गौरेला स्थित कृषि विभाग के कार्यालय में अलसी बीज का वितरण नेवसा ग्राम के किसानों को किया गया। इस अवसर पर जपं अध्यक्ष गौरेला शिवनाथ बघेल, बृजलाल सिंह राठौर, तापस शर्मा, सरपंच ग्राम नेवसा दीनदयाल, पंच अमोल सिंह, प्रकाश यादव वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, सौरभ जयसवाल ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं किसान मित्र उपस्थित रहे।

### डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 4.0 का शुभारंभ

**मुंगेली।** पेंशनरों के लिए जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी तथा डिजिटल बनाने के उद्देश्य से डिजिटल जीवन प्रमाण–पत्र अभियान 4.0 का शुभारंभ किया गया है। यह नवीन संस्करण फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक पर आधारित है, जिसके माध्यम से पेंशनधारी बिना किसी कठिनाई के अपने मोबाइल फोन या कंप्यूटर से घर बैठे ही जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। पेंशनधारी आधार फेस और जीवन प्रमाण एप के जरिए आसानी से अपना जीवन प्रमाण-पत्र जमा कर सकेंगे। डिजिटल जीवन प्रमाण–पत्र अभियान 4.0 के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में 6 नवम्बर को दोपहर 12 बजे आवश्यक प्रशिक्षण सह डिजिटल प्रमाण पत्र हेतु शिविर का आयोजन किया गया है। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि, शिविर में पेंशनधारियों एवं संबंधित अधिकारियों को डिजिटल जीवन प्रमाण–पत्र बनाने की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी, ताकि आगामी वर्षों में यह प्रक्रिया सुगमता से संपन्न हो सके।

## निधन

### प्रेम शंकर पाटनवार



**बिलासपुर।** छग उमाशा के सेवानिवृत्त शिक्षक अरविंद मार्ग सरकंडा निवासी प्रेमशंकर पाटनवार का 4 नवंबर को निधन हो गया। वे 83 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 5 नवंबर को सुबह सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे बंटी पाटनवार के पिता और अपूर्व पाटनवार के दादा थे।

### रामाकृष्ण चिपड़े



**बिलासपुर।** दीनदयाल कॉलोनी, मंगला निवासी रामाकृष्ण चिपड़े का 4 नवंबर को निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रफुल्ल चिपड़े, सुनील चिपड़े एवं ज्योति अंबेकर के पिता थे।

### दुर्गा जायसवाल



**जरहागांव।** जरहागांव निवासी दुर्गा जायसवाल का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सेवा सहकारी समिति प्रबंधक माखन जायसवाल की माताजी एवं दशरंगपुर सेवा सहकारी समिति प्रबंधक राहुल जायसवाल की दादी थीं।







**मौके पर पहुंचे बीईओ और कोटा नायब-तहसीलदार**

# 8 सालों से जर्जर है स्कूल भवन, नाराज ग्रामवासियों ने जड़ा ताला, छात्रों ने किया क्लास का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

कोटा विकासखंड का ग्राम पंचायत मोहदा का शासकीय माध्यमिक विद्यालय भवन पिछले 8 सालों से जर्जर अवस्था में है। इसकी सुधार की मांग कई बार की गई लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को जर्जर स्कूल भवन में ताला जड़ दिया और हंगामा किया। इसके साथ ही छात्रों ने क्लास का बहिष्कार कर दिया और मैदान में जमीन पर बैठ गए।

जानकारी मिलने पर कोटा विकास खंड अधिकारी और रतनपुर के नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे। ग्रामीण लेकिन आंदोलन पर अड़े रहे। कोटा एसडीएम नितिन तिवारी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने ताला खोला और क्लासेस लग पाईं। प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया है कि तीन महीने में जर्जर स्कूल भवन की मरम्मत के साथ ही नया स्कूल भवन बना लिया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि जर्जर स्कूल भवन बनाने की मांग कई बार की गई लेकिन अधिकारियों के कानों तक बात नहीं पहुंची। इसके बाद शाला प्रबंधन समिति की बैठक में पंचायत के सरपंच/पंच के साथ नवनिर्वाचित जनपद सदस्य अरविंद जयसवाल सहित ग्राम वासियों ने नवीन भवन की मांग को लेकर एक प्रस्ताव पारित कर स्कूल में ताला जड़ने की बात कही। मंगलवार को स्कूल खुलते ही स्कूली बच्चों और उनके पालकों की उपस्थिति में स्कूल में ताला जड़ दिया गया।

### मध्याह्न भोजन करने नहीं, पढ़ने आते हैं

मंगलवार को स्कूल खुलते ही देश का भविष्य कहलाने वाले माध्यमिक विद्यालय के स्कूली बच्चों ने शिक्षा के प्रति जागरूकता का परिचय देते हुए कहा कि "हम स्कूल पढ़ने आते हैं, मध्याह्न भोजन करने नहीं"। इसी का नारा लगाते हुए स्कूल में तालाबंदी कर दी गई। इसकी जानकारी मिलने के बाद शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन और आरईएस के एसडीओ मौके पर पहुंचे और जर्जर स्कूल भवन का जायजा लिया गया। छात्रों और ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए तत्काल 20 लाख रुपए का एस्टीमेट बनाया गया। इसे जिला-शिक्षा अधिकारी के माध्यम से कलेक्टर को भेजने सहित तीन माह के भीतर नवीन स्कूल भवन बनाने का आश्वासन दिया गया। एसडीएम कोटा नितिन तिवारी ने भी जनप्रतिनिधियों को फोन पर बात कर नवीन स्कूल भवन बनाने के लिए आश्वस्त किया। ग्रामीणों ने भी चेतावनी दी है कि तीन माह में नया स्कूल भवन नहीं बना तो ब्लाक स्तरीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा।


### शिक्षक पढ़ाने की बजाय मोबाइल में व्यस्त

दूसरी ओर मस्तूरी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बेलटुकरी स्थित प्राइमरी स्कूल में पदस्थ शिक्षक दिलीप तिग्गा और सुभद्रा साहू पढ़ाई कराने के बजाय अधिकतर समय मोबाइल पर नेटवर्क मार्केटिंग में व्यस्त रहते पाए गए। इसका वीडियो भी वायरल हुआ है। इसके साथ ही वीडियो में शिक्षक दिलीप तिग्गा मोबाइल चलाने के बाद कुर्सी पर सोते नजर आए। इसकी शिकायत अभिभावकों और अन्य कर्मचारियों ने कई बार विकासखंड शिक्षा अधिकारी से की है लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि हेडमास्टर गणेशराम मिरी के संरक्षण के कारण दोनों शिक्षकों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। पेरेंट्स ने यह भी बताया कि ये शिक्षक आए दिन नेटवर्क मार्केटिंग सेमिनारों और अपने निजी कार्यों के लिए स्कूल टाइमिंग में गैरमौजूद रहते हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी शिवराम टंडन ने बताया कि स्कूल का निरीक्षण कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## निरीक्षण में 13 शिक्षक नदारद, शोकॉज नोटिस

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने विशेष प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चकरभठा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण में प्रभारी प्राचार्य सहित 13 शिक्षक अनुपस्थित रहे। इस पर सभी शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब मांगा गया है।

जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण में प्रभारी प्राचार्य सौखी लाल पंकज, व्याख्याता फनेन्द्र कुमार रॉय, रवि कुमार देवांगन, प्रमिला देवांगन, आशीष ठाकुर, अमरचंद बर्मन, संजय साहू, ममता जांगड़े, नंदलाल पटेल, राजेन्द्र ध्रुव, पुरूषोत्तम घृतलहरे, अनिल सोनवानी और पीयूष चंदेल आदि शिक्षकों को अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।



स्कूल का निरीक्षण करते डीईओ।

## डीईओ डाहिरे ने किया आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण

**मुंगेली।** जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे ने गत दिवस 31 अक्टूबर को जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय दाऊपारा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रसायन, भौतिकी, जीव विज्ञान एवं कम्प्यूटर लैब का सूक्ष्म निरीक्षण किया एवं उपलब्ध उपकरणों व सामग्रियों के संबंध में आवश्यक जानकारी लेते हुए प्रयोगशाला प्रभारियों सहित प्राचार्य को आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन रामनाथ गुप्ता, डीएमसी समग्र शिक्षा अशोक कश्यप, शाला प्राचार्य डॉ आईपी यादव सहित सभी प्रयोगशाला के प्रभारी व्याख्यातागण एवं प्रयोगशाला सहायक उपस्थित रहे।



लैब का निरीक्षण करते डीईओ

### अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचिक कृष्णाप्रिया की भागवत 10 से

**लोरमी।** नगर के पंजाब बैक के सामने 10 से 16 नवम्बर तक श्रीमद्भागवत कथा आयोजन किया जा रहा है, जिसमें वृंदावन की ख्याति प्राप्त कथा वाचिका कृष्णाप्रिया कथा का वाचन करेंगी। कथा दोपहर 3.30 बजे से प्रारंभ होगी। आयोजक पवन अग्रवाल ने बताया कि रविवार 9 नवम्बर को दोपहर 3.30 बजे ठाकुरदेव मंदिर से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। 10 श्रीमद्भागवत कथा महात्म्य, 11 नवम्बर को प्रथम स्कंद, भगवान अवतार एवं व्यास-नारद जी संवाद, 12 नवम्बर शुकदेव जी आगमन, ध्रुव चरित्र एवं प्रहलाद कथा, 13 नवम्बर गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार श्रीराम, कृष्ण जन्म एवं नन्दोत्सव, 14 नवम्बर को श्रीकृष्ण बाल लीला एवं गोवर्धन लीला, 15 नवम्बर महारास, मथुरा गमन एवं रूखमणी विवाह 16 नवम्बर को सुदामा चरित्र भागवतसार, 17 नवम्बर को हवन, पूर्णाहूति सहस्त्राधारा, तुलसी वर्षा, भणंडारा एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा।



## नेवसा में आवास योजना के हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश

**बेलतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती के पर ग्राम नेवसा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को अतिथियों ने प्रवेश कराया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला पंचायत सदस्य व सभापति अनसूईया जागेंद्र कश्यप, जपं सदस्य कमला विजय साहू, सरपंच माधवी उमेश साहू, बेलतरा मंडल अध्यक्ष मणिदास मानिकपुरी, महामंत्री भरत कश्यप, पंच हरिनारायण सूर्यवंशी, सचिव अजय डोगरे, तकनीकी सहायक विकास राठौर, आवास मित्र मुकेश कश्यप व विकास कुमार कैवर्त, लेखराम धीवर, राजेंद्र यादव, दीपक कश्यप, द्वारिका नामदेव, रमेश कश्यप, शिवनारायण साहू, परदेशी कश्यप, विष्णु कश्यप सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। इस मौके पर हितग्राही सदाशिव सूर्यवंशी, कैलाशा बाई कश्यप और बेदबाई सूर्यवंशी ने गृह प्रवेश किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि, गरीब परिवारों का पक्का मकान का सपना लगभग पूरा हो रहा है। पक्का मकान मिलने से परिवारों में खुशी की लहर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों को कच्चे मकानों से मुक्त कर पक्के मकान देने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की, आज इस योजना से हर गरीब परिवार को पक्का मकान मिल रहा है।

## दशरंगपुर में राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम

**जरहागांव।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर थाना प्रभारी नंदलाल पैकरा की विशेष उपस्थिति में दशरंगपुर स्कूल प्रांगण में राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारी नंदलाल पैकरा ने कहा कि, राष्ट्रीय एकता दिवस पर रौशनी डालते हुए कहा कि, 562 देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करने पर सरदार पटेल को महात्मा गांधी ने 'लौह पुरूष' की उपाधि दी थी।



थाना प्रभारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल की चिरस्थायी विरासत का सम्मान करने और एकता, देशभक्ति और सेवा के उनके आदर्शों को सुदृढ़ एवं युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए पदयात्रा तथा कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गई है। सरपंच लक्ष्मीचन्द मोहले ने बताया कि, एकता मार्च एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन और राष्ट्रीय एकता के प्रति सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। यह पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी प्रदर्शित करता है। निबंध प्रतियोगिता, पॉडकास्ट, प्रश्नोत्तरी, राष्ट्रीय रील प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान, स्वदेशी मेला, नशा मुक्ति अभियान, सेमिनार, बाद विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से स्कूली बच्चों ने जनमानस को सरदार पटेल के आदर्शों और मूल्यों से प्रेरित किया। कार्यक्रम में रिखी राम साहू, रवि मोहले, प्राचार्य शशि घोंसले, संगीता सिंह व स्कूल स्टाफ सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**पथरिया।** पथरिया थाने पहुंच कर 10 दिसंबर 2025 को एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि, एक दिन पूर्व 9 सितंबर को उसकी नाबालिग पुत्री बिना बताए अचानक घर से गायब हो गई है। शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने सोमवार 3 नवंबर को कोटा थाना क्षेत्र के ग्राम लखोदना में दबिश दोकर आरोपी रघुनंदन मरकाम पिता बलराम मरकाम उम्र 20 वर्ष के कब्जे से नाबालिग पीड़ता को मुक्त कराया। पीड़ति का कथन एवं मेडिकल कराया गया। पीड़िता ने बताया कि, आरोपी ने शादी का झांसा देते हुए बहला-फुसला कर उसे अपने साथ ले गया एवं लगातार दैहिक शोषण किया। मामले में विरूद्व धारा 87,64(1) 64(2)(ड) बीएनएस एवं 4,6 पॉक्सो एक्ट जोड़ी गई एवं आरोपी रघुनंदन मरकाम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल दाखिल किया गया।



**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**
संदर्भ :- जिला- बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00036 जूना बिलासपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. CT202526400108400036
**ईश्तहार**
तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00036 के अंतर्गत ग्राम जूना बिलासपुर के वर्तमान भूमिस्वामी सुमित्रा बाई पिता/पति-सोमसिंह पता-सा मसानगंज के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 155/10 (0.0120) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता निशांत कुमार ठाकुर पिता/पति-दुर्गाप्रसाद ठाकुर पता-नेहरु नगर बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24/11/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/10/2025 को जारी किया जाता है।
तहसीलदार तहसील-बिलासपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक/क/अति.तह./वाचक /2025
बिलासपुर, दिनांक 24/10/2025
रा.प्र.क्र. 202510075300029/अ-6/2025-26 ग्राम-मंगला, प.ह.नं.-35
एतदद्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मंगला, प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्री रजित ध्रुव पिता स्व. लोकनाथ ध्रुव निवासी उस्लापुर तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं 01 अन्य के द्वारा प.ह.नं. 35, मौजा मंगला, स्थित भूमि खसरा नं. 1472/43 में से रकबा 1760 वर्गफुट भूमि को आवेदकगण द्वारा इस न्यायालय मे छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय करने/खातेदार के फौत होने के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति/दावा हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 12/11/2025 समय 11:00 बजे उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 24/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/क/अति.तह. / वा./20...
बिलासपुर दिनांक 29/10/25
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मोपका प.ह.नं. 29..रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक / आवेदिका सहोद्रा बाई पटेल पिता/पति स्व.रूपलाल पटेल निवासी ग्राम बहतराई तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर के द्वारा प.ह.नं.29 मौजा मोपका स्थित भूमि ख.नं. 195/1 रकबा 0.162 एकड़ /हे. भूमि को आवेदक द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत वसीयत नामांतरण/ फौती नामांतरण/क्रय विक्रय / दानपत्र के आधार पर किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 15/11/25 समय 11:00 बजे उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 29/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
**अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**
मौजा सिरगिट्टी, प.ह.नं. 41, रा.नि.म. सिरगिट्टी, तहसील बिलासपुर, अंतर्गत नगर पालिका निगम बिलासपुर, जिला बिलासपुर छ.ग. क्षेत्रांतर्गत स्थित भूमि ख.न. 1051/63 मे. से. क्षेत्रफल 1620 वर्गफुट भूमि है जिसे श्रीमती केजा बाई पिता बोधन निवासी बन्नाकडीह बिलासपुर छ.ग. के द्वारा जलंधर साहो पिता श्री बृंदबन साहो निवासी क्वा. नं. 1213/1 न्यू लोको कालोनी बिलासपुर छ.ग. के पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 02/03/2022, ग्रंथ क्रमांक 887, पंजीयन क्रमांक 7014 पंजीयन कार्यालय बिलासपुर छ.ग. के माध्यम से विक्रय किया गया है, नामांतरण पश्चात जलंधर साहो को ख.न. 1051/90 प्राप्त हुआ है। उक्त भूमि को जलंधर साहो द्वारा श्रीमती झरना गरडिया पति श्री निरंजन गरडिया निवासी क्वा.नं. 1460/1 वायरलेस कालोनी बिलासपुर छ.ग. वाली को विक्रय किया गया है। वर्तमान में उक्त भूमि पर श्रीमती झरना गरडिया का मालिकाना हक व कब्जा है। उक्त विक्रय पत्र श्रीमती झरना गरडिया से कही गुम हो गया है। श्रीमती झरना गरडिया द्वारा उक्त भूमि को बंधक कर टाटा कैपिटल हाउसिंग फायनेंस लि. शाखा व्यापार विहार रोड बिलासपुर, जिला बिलासपुर छ.ग. से ऋण लिये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, वित्तिय संस्थान, बैंक, समिति को कोई आपत्ति हो तो अविलंब दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधी पश्चात आपत्ति अमान्य होगा।
सो सूचना जानें।
दिनांक 04/11/2025
भवदीय
एम.एल. यादव
''अधिवक्ता''
एमआईजी. 2/14, नर्मदा नगर, बिलासपुर छ.ग.
Email: advmlyadav.bsp@gmail.com
Contact : 9300325314

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक /क/तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 04/11/2025
ग्राम जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक/ आवेदिका सूरज प्रसाद मिश्रा पिता/पति स्व. रामकुमार मिश्रा निवासी जूना बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के मूल निवासी जो कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएसएस) के लिए आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र हेतु इस कार्यालय को आवेदन प्रस्तुत किया है।
यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति /दावा हो तो मेरे कार्यालय में दिनांक 12/11/2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।
आज दिनांक 04/11/25 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
**तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**
आधार कार्ड में नाम सुधार हेतु सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा पुत्र निखिल साहू के आधार कार्ड नंबर 675665719872 में उनका नाम किरण साहू (KIRAN SAHU) अंकित हो गया है जो कि गलत है मेरा पुत्र का वास्तविक नाम निखिल साहू (NIKHIL SAHU) है जो सत्य एवं सही है आधार कार्ड में नाम सुधार हेतु मेरे द्वारा इस सूचना का प्रकाशन कराया जा रहा हैं।
दिनांक
शपथकर्ता
उत्तम कुमार साहू
पिता-स्व. मयाराम साहू
निवासी - ग्राम चेचानडीह
ब्लाक एवं तह. लोरमी
जिला - मुंगेली (छ.ग.)
मो. 6266571936

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली छ.ग.**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र. / अ-6 अ / 2025-26
ग्राम पंडरभठा प.ह.नं. 48
ग्राम पंडरभठा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रविन्द्र कुमार पिता मेलाराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम पंडरभठा तहसील व जिला मुंगेली के द्वारा ग्राम पंडरभठा स्थित भूमि ख.नं. 39/1 शामिल 39/2 एवं 39/3 शामिल 39/4 कुल रकबा 0.5340 हे. भूमि पर ऑनलाईन राजस्व अभिलेख मे आवेदक का नाम त्रुटिवश रवन्द्रि कुमार दर्ज हो गया है। जिसे सुधार कर रविन्द्र कुमार पिता मेलाराम साहू के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय मे आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उक्त संबंध मे जिस किसी को भी किसी प्रकार कि कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाशक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 17/11/2025 समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली मे दावा/आपत्ति पेश करता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियो पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 31/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।
अतिरिक्त तहसीलदार, मुंगेली

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग.**
**ईश्तहार**
क्रमांक /क/वा./ तह./20
बिल्हा, दिनांक 3/10/2025
एतद् द्वारा ग्राम डोड़की तहसील बिल्हा के सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गौतरहीन पिता/पति स्व. प्रभुनाथ जाति यादव निवासी ग्राम डोड़की तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा अपने पति श्री/श्रीमति प्रभुनाथ पिता/पति सुदर्शन जाति यादव निवासी ग्राम डोड़की थाना बिल्हा तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर की मृत्यु दिनांक 29.9.2008 को ग्राम डोड़की को हुआ/हुई हैं का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
इस संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा जनता को दावा / आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 12/11/2025 को दावा /आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।
समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा
आज दिनांक 30/10/2005 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा सहित ईश्तहार जारी किया गया है।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक / क / तह / वाचक/2025 बिलासपुर, दिनांक 31/10/2025
**पक्षकार- संजय कुमार पांडे** विरूद्ध छ.ग. शासन
प्रकरण क्र......./अ-6-1/2024-25
ग्राम/मौजा- कोनी, प.ह.न. 23 के सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय कुमार पांडे पिता जुगल किशोर पांडे निवासी- 303, रायल हैवेन नर्मदा नगर, मंगला चौक बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा कोनी प.ह.न. 23 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 171, 172, 173/1, 174 भू स्वामी गणेश प्रसाद के नाम पर अधिकार अभिलेख में दर्ज रही है। वर्ष 2008-09 में खसरा पांचसाला एवं पी-2 में यह भूमि जुगल किशोर पांडे के नाम दर्ज रही है। राजस्व अभिलेखों में उक्त भूमि को बिना किसी वैधानिक आदेश/सुनवाई के प्रबंधक कलेक्टर के नाम पर करके घास भूमि मद में दर्ज कर दिया गया है। आवेदक के द्वारा खसरा नं.171 में नाम दर्ज किये जाने / दुरूस्त किये जाने / सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अंतर्गत छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 तहत पेश किया गया है।
यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 17/11/2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेगें।
आज दिनांक 31/10/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
**तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तखतपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र......./ब-121/2025-25
पक्षकार मनहरण पिता रामकुमार
विरुद्ध छत्तीसगढ़ शासन
ग्राम बरगन, जूना पारा प.ह.नं. 02
तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
एतद द्वारा ग्राम बरगन प.ह.नं. 02, रा.नि.मं. विजयपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनहरण पिता रामकुमार जाति गोंड़ निवासी ग्राम बरगन तहसील तखतपुर द्वारा अपने दादा / माता/पिता /पुत्र /पत्नी /पुत्र /पुत्री मंजूर को जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु ग्राम पंचायत बरगन जनपद पंचायत तखतपुर में जन्म मृत्यु की प्रविष्टि संबंधित रजिस्टर में दर्ज किये जाने के लिए आदेश हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा अपने दादा मंजूर का जन्म/मृत्यु की तिथि 12/9/97 होने का हवाला देते हुए शासकीय योजनाओं के संदर्भ में आवश्यकता होने के कारण जन्म /मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदक मनहरण के द्वारा प्रदत्त अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अतएव उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति /संस्था /समिति को कोई दावा-आपत्ति पेश करना चाहते हैं तो वे अपना दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 10/11/25 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि उपरांत प्राप्त दावे-आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 28/10 /25 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुहर लगाकर जारी किया गया।
**नायब तहसीलदार तखतपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना का खण्डन**
मैं, अपने पक्षकार श्रीमती सुनीता मौर्य पति स्व. राजेन्द्र मौर्य निवासी तोरवा बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर आपके द्वारा दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि में प्रकाशित आम सूचना दिनाक 27-10-2025 का खण्डन प्रकाशित करा रहा हूँ, मौजा तोरवा प.ह.नं.-37 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं.-764/2, 764/65, 775/21, 775/22 रकबा क्रमशः 0.053, 0.377, 0.810, 0.770 हे0 है। जो मेरे आसामी श्रीमती सुनीता मौर्य एवं मेरे आसामी की पुत्री वैष्णवी मौर्य के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि है। उपरोक्त भूमि के संबंध में मेरे आसामी द्वारा कभी भी, कोई भी अधिकार पत्र/ मुख्तयारनामा आम श्री यशवंत सराफ के पक्ष में निष्पादित नही किया गया है। यदि आप आम सूचना दाता या अन्य किसी व्यक्ति द्वारा या संस्था द्वारा उक्त भूमि के संबंध में कोई सौदा, इकरारनामा, कय-विक्रय इत्यादि किया जाता है, तो वह पूर्णतः अवैधानिक एवं शून्य होगा, तथा संपूर्ण जवाबदारी आपकी होगी।
दिनांक 04-10-2025
भवदीय
रवि केरकेट्टा
अधिवक्ता-जिला न्यायालय बिलासपुर
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 90989-73441

## खबर संक्षेप

### आईटीआई कोनी में अप्रेंटिसशिप मेला 7 को

**बिलासपुर।** आईटीआई कोनी के नवीन भवन में 7 नवम्बर को सुबह 10.30 बजे से एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड रायपुर में अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के लिए कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से व्यवसाय-विद्युतकार, फिटर एवं वेल्डर के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ सम्मिलित हो सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आईटीआई कोनी में संपर्क कर सकते हैं।

### संविदा नियुक्ति के लिए आवेदन 14 तक

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं जिला स्वास्थ्य समिति अंतर्गत विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति के लिए 14 नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन एवं अनिवार्य नियम एवं शर्ते जिले की वेबसाईट में दिए गए लिंक के माध्यम से देखा एवं आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### मतदाता सूची पर दावा आपत्ति 14 तक

**बिलासपुर।** अरपांचल प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार मर्यादित जबड़ापारा बिलासपुर के मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 9 नवम्बर से 14 नवम्बर तक दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय में लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। आपत्तियों का निराकरण कर सूची का अंतिम प्रकाशन 14 नवम्बर को किया जाएगा।

**माशिमं करने जा रहा परीक्षा पैटर्न में बड़ा बदलाव** नए पैटर्न के तहत 10वीं-12वीं कक्षा बोर्ड परीक्षा में नए ब्लू प्रिंट के अनुसार प्रश्न पूछे जाएंगे

# अब गणित में भी 20 अंक प्रोजेक्ट के, सैद्धांतिक में मिलेंगे 80 नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) इस साल 9वीं से 12वीं कक्षा तक की परीक्षा पैटर्न में बदलाव करने जा रहा है। नए पैटर्न के तहत 10वीं-12वीं कक्षा बोर्ड परीक्षा में नए ब्लू प्रिंट के अनुसार प्रश्न पूछे जाएंगे। गणित में पूरे 100 अंक के प्रश्न नहीं होंगे। बल्कि अन्य विषयों की तरह प्रोजेक्ट वर्क शामिल किए गए हैं। गणित में सैद्धांतिक के 80 और प्रोजेक्ट के 20 अंक रखे गए हैं।



ऐसे ही कुछ और कक्षाओं के विषयों के प्रश्नपत्रों में बदलाव किए गए हैं।

माशिमं के मुताबिक नए ब्लूप्रिंट का निर्माण किया गया है, जिसका पालन करते हुए स्थानीय परीक्षा व सत्रगत परीक्षाओं में ब्लूप्रिंट के आधार पर प्रश्नपत्र तैयार किया जाएगा। इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक परीक्षा भी नए ब्लू प्रिंट के आधार पर आयोजित की जाएगी। यह पहल देशभर में सभी बोर्ड की परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों में एकरुपता लाने के लिए की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक परीक्षा और प्रश्नपत्रों लिए नया ब्लू प्रिंट माशिमं, परख, एनसीईआरटी नई दिल्ली के संयोजन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत तैयार किया जा रहा है।

### प्रैक्टिकल में अनुपस्थित तो दुबारा मौका नहीं

इसके साथ ही तय किया गया है कि बोर्ड की प्रैक्टिकल परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले छात्रों को दोबारा मौका नहीं दिया जाएगा। प्रैक्टिकल और प्रोजेक्ट के नंबर 10 फरवरी तक बोर्ड को भेजना जरूरी होगा, तय तारीख तक नंबर जोड़ने और संशोधन के लिए भेजने पर स्कूल से हर दिन के हिसाब से हजार रुपए लेट फीस ली जाएगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक प्रैक्टिकल परीक्षा दो पालियों में सुबह 8 से 11 और दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक ली जाएगी। बाह्य परीक्षक स्कूल में ही नियुक्त किए जाएंगे। हालांकि सामान्य तौर पर विषय शिक्षकों की ही नियुक्ति की जाती है। यहीं मूल्यांकन भी होंगे। पोर्टल लॉक होने के बाद लेट फीस जमा करने के बाद दो दिन को लिए ही पोर्टल खोला जाएगा।

### 6 महीने तक सुरक्षित रहेंगे आंसरशीट

माशिमं की ओर से सभी स्कूलों को निर्देशित किया गया है कि प्रैक्टिकल और प्रोजेक्ट के नंबरों का सही तरह से मिलान पहले ही कर लिया जाए। रिजल्ट जारी होने के बाद किसी भी तरह का संशोधन नहीं होगा। साथ ही ये भी निर्देश दिया गया है कि नंबरों को सीलबंद लिफाफे में और आंसरशीट के बंडलों को रिजल्ट आने की तारीख से 6 महीने तक स्कूलों में सुरक्षित रखा जाए।

### पैटर्न बदलने का किया जा रहा है विचार

माशिमं इस साल 9वीं से 12वीं कक्षा तक की परीक्षा पैटर्न में बदलाव करने पर विचार कर रहा है। नए पैटर्न के तहत 10वीं-12वीं कक्षा बोर्ड परीक्षा में नए ब्लू प्रिंट के अनुसार प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रैक्टिकल में अनुपस्थित रहने वाले छात्रों को दोबारा मौका नहीं दिया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बाह्य परीक्षक की नियुक्ति कर दी है। प्रैक्टिकल और प्रोजेक्ट के नंबर अनिवार्य रूप से भेजने होंगे।

- **संगीता गंगोत्री**, संभागीय अधिकारी, माशिमं

# प्रीवियस व फाइनल ईयर के साढ़े तीन हजार परीक्षार्थियों का सप्लीमेंट्री एग्जाम शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित कालेज में पूरक परीक्षा सोमवार से शुरु हो गई है। बीए, बीकॉम, बीएससी जैसे स्नातक पाठयक्रमों के प्रीवियस व फाइनल ईयर के साढ़े तीन हजार से अधिक स्टूडेंट्स इस पूरक परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। पूरक परीक्षा ने लिए यूनिवर्सिटी ने 15 कालेजों को परीक्षा सेंटर बनाया है जबकि परीक्षा दो शिफ्ट में हो रही है।

स्नातक फर्स्ट ईयर में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत सेमेस्टर सिस्टम लागू हो गया था, किन्तु सेकंड और थर्ड ईयर में वार्षिक पद्धति से परीक्षा हुई थी। वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद बीए, बीकॉम, बीएससी आदि स्नातक पाठयक्रमों में साढ़े तीन हजार से अधिक से स्टूडेंट्स पूरक आए थे, जिनकी पूरक परीक्षा आज से चालू हो गई है। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा पूरक परीक्षा में परीक्षार्थियों की संख्या के अनुसार बिलासपुर जिला समेत कोरबा, मुंगेली, जीपीएम जिले में 15 परीक्षा सेंटर बनाए गए हैं। बिलासपुर शहर में शासकीय जेपी वर्मा कालेज, शासकीय नवीन कन्या कालेज व अशासकीय एसबीटी कालेज तीन परीक्षा सेंटर बनाया गया है। इन परीक्षा सेंटरों में प्रथम शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा द्वितीय शिफ्ट दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा होगी। यह पूरक परीक्षा 3 नवंबर से लेकर 9 नवंबर तक चलेगी।



**दो शिफ्ट में चल रहा एग्जाम**

- एयू ने सप्लीमेंट्री एग्जाम लिए 15 कालेजों को बनाए सेंटर

### पहले 13 अक्टूबर से शुरू होने वाली थी पूरक परीक्षा

अटल यूनिवर्सिटी पहले पूरक परीक्षा 13 अक्टूबर से आयोजित करने वाली थी। लेकिन पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के नतीजे नहीं आ पाए थे, इसलिए यूनिवर्सिटी को पूरक परीक्षा तिथि आगे बढ़ानी पड़ी। वैसे भी कालेज वाले एवं छात्रों द्वारा दीपावली त्यौहार के बाद पूरक परीक्षा आयोजित करने मांग की जा रही थी। इसलिए अटल यूनिवर्सिटी ने 3 नवंबर से पूरक परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया। इस बीच पूरक के परीक्षार्थियों को परीक्षा तैयारी करने का अवसर भी मिल गया।

### दो बार बढ़ाई गई फार्म भरने की तिथि

यूनिवर्सिटी द्वारा पूरक परीक्षा तिथि बढ़ने के कारण पूरक परीक्षा फार्म भरने की तिथि में दो बार बढ़ाई गई। पहले पूरक परीक्षा फार्म आनलाइन भरने की अंतिम तिथि 30 सितंबर तक थी, जिसे बढ़ाकर 15 अक्टूबर की गई थी। पूरक परीक्षा फार्म की तिथि बढ़ाकर बिना विलंब शुल्क के साथ 20 अक्टूबर तक कर दी गई थी। पूरक परीक्षा फार्म तिथि बढ़ाए जाने के पीछे एक प्रमुख कारण पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना के नतीजे घोषित नहीं होना भी रहा।

### आयोजित हो रही परीक्षा

स्नातक सेकंड और थर्ड ईयर के विद्यार्थियों की पूरक परीक्षा आज से शुरू हो गई है। परीक्षा के संबंध में यूनिवर्सिटी की ओर से आवश्यक सारी तैयारी, व्यवस्था बनाई गई है। नकल की रोकथाम के लिए एक उड़नदस्ता का भी गठन किया गया है और 15 सेंटरों में पूरक परीक्षा आयोजित की जा रही है।


- **डॉ. तरूणधर दीवान**, परीक्षा नियंत्रक, एयू

# पन्द्रह फीसदी राशन कार्डधारियों का नहीं हुआ ई-केवाईसी

**बिलासपुर।** शासन द्वारा फेस एप जारी किया गया है ताकि लोगों को राशन दुकानों में केवाईसी कराने भीड़ लगाना न पड़े और घर बैठे ई-केवाईसी करा सकें, लेकिन फेस एप जारी करने के बाद भी जिले में 85 प्रतिशत कार्डधारियों का ई-केवाईसी हो पाया है जबकि 15 फीसदी कार्डधारियों का ई-केवाईसी नहीं हो पाया है।

एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस उपभोक्ताओं को फेस एप की राहत दी गई है ताकि राशन कार्डधारियों को राशन दुकानों में भीड़ लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। शासन ने ई-केवाईसी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए फेस एप जारी किया है। इसकी मदद से कार्डधारी अपने घर बैठे आधार नंबर और चेहरे का मिलान कर ई-केवाईसी पूरी कर सकें। खाद्य विभाग के अनुसार फेस एप को इतना सहज बनाया गया है कि तकनीकी जानकारी कम रखने वाले उपभोक्ता भी आसानी से इसका उपयोग कर सकेंगे। इस एप में चरणबद्ध निर्देश दिए गए हैं जिससे स्मार्टफोन या कंप्यूटर से किसी भी समय फेस वेरिफिकेशन किया जा सकेगा। यह नई पहल डिजिटल माध्यम से पारदर्शी और सुविधाजनक सेवा प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तक जिले में लगभग 85 प्रतिशत ई-केवाईसी पूरी हो गई है, जबकि 15 प्रतिशत ई-केवाईसी अभी भी नहीं हो पाया है। खाद्य विभाग की ओर से राशन दुकान संचालकों को 31 अक्टूबर तक शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण कराने कहा गया था और कम ई-केवाईसी की वजह से कई राशन दुकान वालों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। इसके बाद भी अभी तक 15 प्रतिशत राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी होना बाकी है।

- फेस एप से घर बैठे ई-केवाईसी कराने की सुविधा





## खबर संक्षेप

### युवती से छेड़खानी कर मारपीट, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रास्ता रोककर युवती से छेड़खानी कर मारपीट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली युवती काम से जा रही थी। कोन्हेर गार्डन के पास सिंधी कालोनी निवासी साहिल जिज्ञासी उनका रास्ता रोककर छेड़खानी करने लगा। युवती ने विरोध किया तो युवक उनके साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 115, 2, 126, 296, 351, 2, 74, 78 के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**अपहरण की खबर पर पुलिस तलाश में भटकती रही** | **6 घण्टे बाद लापता बालक गांव में मां के पास सुरक्षित मिला**

# सड़क किनारे स्कूल बैग, आईडी कार्ड, टाई मिलने से छात्र के अपहरण की खबर, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगलवार की सुबह 7.30 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब राजकिशोर नगर सड़क किनारे एक छात्र का स्कूल बैग, आईडी कार्ड, टाई मिला। छात्र के अपहरण की खबर से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। आनन फानन में सरकण्डा पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीसीटीवी कैमरे खंगालकर 6 घण्टे की मशक्कत के बाद पता चला कि लापता छात्र अपने गांव में मां के पास सुरक्षित है। उसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।



सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, 4 नवंबर की सुबह 7.30 बजे राजकिशोर नगर के लोगों ने बताया, हरश्रृंगार सामुदायिक भवन के पास सड़क किनारे एक स्कूल बैग, आईडी कार्ड, टाई पड़ी हुई है। लोगों ने स्कूली छात्र के अपहरण की आशंका जताई। आनन फानन में टीआई श्री आर्या स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच गए। आईडी के आधार पर लापता बालक की पहचान जय कुमार पटेल पिता पूनाराम पटेल 10 साल के रूप में हुई। वह राजकिशोर नगर अटल आवास में अपने बड़े पापा के घर में रहकर आर्यन पब्लिक स्कूल में पढ़ाई कर रहा था। पुलिस उसके घर जाकर पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि उनका भतीजा स्कूल जाने के लिए निकला है। स्कूल में पता चला कि छात्र स्कूल नहीं पहुंचा है।

अपहरण की आशंका पर पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा खंगालने लगी। फुटेज के आधार पर पुलिस टीम गुरूनानक चौक गई तो ठेला लगाने वालों ने बताया, स्कूल ड्रेस में एक छात्र चौक पर खड़ा था और मस्तूरी की ओर जाने वाली बस में सवार होकर गया है। उसके बड़े पापा ने बताया कि छात्र जय कुमार पटेल का घर मुलमुला क्षेत्र में है। उनसे गांव के घर में पतासाजी कराई गई दोपहर 1.30 बजे जानकारी मिली कि लापता छात्र जय कुमार पटेल अपने गांव के घर मां के पास सुरक्षित पहुंच गया है। उसके बाद पुलिस टीम गांव जाकर बच्चे को सकुशल लेकर शहर लौटी।

### मां की याद आने पर चला गया था

शहर लाने के बाद पुलिस ने छात्र से पूछताछ की तो उसने बताया, मां की बहुत याद आने पर गांव चला गया था। पुलिस के अनुसार, छात्र रास्ते में बैग आईडी, टाई फेंककर पैदल गुरूनानक चौक गया, वहां से बस में बैठकर मुलमुला गया और बस स्टैण्ड में उतरकर आटो से अपने गांव जाकर अपने घर चला गया था।

### चार माह पहले भाई बहन आए थे पढ़ाई करने

छात्र जय कुमार पटेल के पिता बाहर कमाने खाने गए हैं। चार मां पहले उसके बड़े पिता उसे व उसकी बहन को शहर में पढ़ाने लिखाने के लिए लेकर आए थे और दोनों का राजकिशोर नगर शासकीय स्कूल में दाखिला कराया था।

**कलेक्टोरेट गेट से लेकर कलेक्टर के चेंबर तक लगी रही भीड़**

# प्रदर्शनकारियों की भारी भीड़ से कलेक्टोरेट परिसर पैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कलेक्टोरेट परिसर मंगलवार को पूरी तरह पैक नजर आया। अलग-अलग समूहों में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आवेदकों ने परिसर में जमकर प्रदर्शन किया। टीएल एवं जनदर्शन होने के कारण मंगलवार को कलेक्टोरेट परिसर में अधिकारियों एवं फरियादियों की भीड़ वैसे भी रहती ही है, लेकिन प्रदर्शनकारियों के भी अचानक बड़ी संख्या में पहुंचने के कारण स्थिति अनियंत्रित हो गई। अंततः कलेक्टोरेट का मेनगेट बंद करना पड़ा।

- टीएल व जनदर्शन के कारण मंगलवार को वैसे भी रहती है भीड़



कलेक्टोरेट में लगी प्रदर्शनकारियों की भीड़।

### वन विभाग का नोटिस लेकर पहुंचे फदहाखार के 526 कब्जाधारी

वन विभाग की जमीन पर बसे लोगों को विभाग द्वारा बेदखली का नोटिस जारी किया गया है। इसके विरोध में फदहाखार के लोगों ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे पिछले 50 से भी अधिक वर्षां से यहां निवास कर रहे हैं, लेकिन वन विभाग द्वारा अब उन्हें बेदखली का नोटिस जारी किया है। उनका कहना था कि अगर उन्हें बेदखल ही करना था तो यहां बसने ही नहीं दिया जाना था। इन सभी को उसी समय यहां से खदेड़ दिया जाना था, जब इन्होंने झोपड़ी बनाई। फदहाखार के लोग बड़ी संख्या में कलेक्टर के समक्ष बेदखली नोटिस निरस्त करते हुए पट्टा देने की मांग को लेकर पहुंचे थे। कलेक्टर संजय अर्ग्ररवाल द्वारा वनभूमि पर बेजाकब्जा जैसे विषय को संवेदनशील बताते हुए कहा गया कि यह विषय तात्कालिक रूप से हल किया जा सकने वाला नहीं है। इस पर वन विभाग से चर्चा की जाएगी।

### वनभूमि में खेत, नोटिस लेकर पहुंचे खरगहना के कब्जाधारी

खरगहना गांव के लोगों ने वनभूमि में बेजा कब्जा कर खेत बना लिया है, जिसमें में विगत लंबे समय से खेती कर रहे हैं। वन विभाग द्वारा सारे बेजा कब्जाधारियों को 30 अक्टूबर को नोटिस जारी कर 7 दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया गया है। इसके विरोध में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। इनका कहना था कि वे पूर्वजों के समय से यहां खेती-किसानी कर जीवन यापन कर रहे हैं, लेकिन अब उन्हें हटाने व कार्रवाई करने का नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने कलेक्टर से पट्टा जारी करने की मांग की है, ताकि वे अपनी कब्जा की गई भूमि पर काबिज रह सकें।

### महंगी बिजली के विरोध में आप का प्रदर्शन

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में बिजली मंहगी होने के कारण आम जनता को बड़ी परेशानी होने की बात पर कलेक्टोरेट में जमकर प्रदर्शन किया गया। आप के कार्यकर्ताओं के आने से पहले ही कलेक्टोरेट परिसर लगभग खचाखच भर चुका था। ऐसे में नेहरू चौक की ओर से जमकर नारेबाजी करते आ रहे कार्यकर्ताओं को कलेक्टोरेट के बाहर ही रोकने के उद्देश्य से परिसर के गेट बंद कर दिए गए। आप के कार्यकर्ताओं ने सरकार पर बिजली बिल में कमीशनखोरी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पानी, कोयला और जमीन भी छत्तीसगढ़ की ही है, लेकिन इसके बाद भी छत्तीसगढ़ के लोगों को ही मनमानी कीमत पर बिजली दी जा रही है, जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

# नवजात बच्चों को भेजा जा रहा निजी अस्पताल

**बिलासपुर।** सिम्स में रोजाना लामा का खेल रहा है। एसएनसीयू केयर से नवजात शिशुओं को निजी अस्पताल भेजा जा रहा है। यह खेल पिछले दो से तीन माह से बदस्तूर जारी है। खास बात यह है कि इस पूरे मामले में सिम्स के डाक्टर और स्टाफ भी शामिल है।

- सिम्स प्रबंधन की नाक के नीचे चल रहा है लामा का खेल

सिम्स में इन दिनों नवजात बच्चों के इलाज में लापरवाही सामने आ रही है। परिजनों को बच्चे के गंभीर होने का डर दिखा कर निजी अस्पताल भेजने का खेल जारी है। मंगलवार को भी शहर के नामी चिल्ड्रन हास्पिटल का एम्बुलेंस सिम्स में परिसर में खड़ा रहा। इस दौरान ड्राइवर और नर्स के द्वारा सिम्स के एसएनसीयू वार्ड में जाकर बच्चे और परिजनों के साथ निजी हास्पिटल में भर्ती किया गया। इस बारे में जानकारी मिली है कि रोजाना इसी हास्पिटल की गाड़ी सिम्स में आकर नवजात बच्चों को अपने अस्पताल में शिफ्ट करती है। यह पूरा खेल सिम्स के स्टाफ और डाक्टरों के साथ मिलजुल कर किया जा रहा है, जिस पर प्रबंधन की नजर नहीं है।



### कार्रवाई की जाएगी

हमें सभी डाक्टर और स्टाफ की मीटिंग लेकर हिदायत जारी की है। इसके बाद भी अगर कोई इस तरह की चीजों को अंजाम दे रहा है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ लखन सिंह
अधीक्षक, सिम्स

# ओयू में बीएड-डीएलएड व पीएचडी प्रवेश परीक्षा में गड़बड़ी

**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के पीएचडी प्रवेश पक्रिया में छत्तीसगढ़ राज्य के सेट उत्तीर्ण छात्रों के साथ हो रहे अन्याय सहित बीएड-डीएलएड प्रवेश परीक्षा में गड़बड़ी मामले की शिकायत लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ता मंगलवार को यूनिवर्सिटी पहुंचे थे। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. वीके सारस्वत से मिलकर मूल्यांकन एवं परीक्षा परिणाम पर सवाल उठाए हैं।

एनएसयूआई के प्रदशे सचिव रंजेश सिंह कुछ कार्यकर्ताओं के आज पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी पहुंचे थे। उन्होंने ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो वीके सारस्वत से मुलाकात कर अपनी बात रखते हुए बताया कि हाल ही में संचालित पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में नेट व अन्य राष्ट्रीय परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों की भांति सीजी सेट उत्तीर्ण विद्यार्थियों को भी प्रवेश परीक्षा में छूट दिए जाने का प्रावधान है। लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा उन्हें अनुचित रूप से परीक्षा देने के लिए बाध्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह राज्य के छात्रों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया है, जबकि प्रदेश के अन्य राजकीय यूनिवर्सिटी जैसे पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर एवं गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी बिलासपुर आदि में सेट पास अभ्यर्थियों को सीधी छूट दी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पं. सुंदरलाल शर्मा यूनिवर्सिटी द्वारा कार्य परिषद को अधूरी व भ्रामक जानकारी दी गई, जिसके चलते सीजी सेट उत्तीर्ण छात्र प्रवेश परीक्षा में छूट से वंचित रह गए हैं। यदि कोई सेट उत्तीर्ण छात्र प्रवेश परीक्षा में 50 अंक से कम प्राप्त करता है तो वह स्वतः ही प्रक्रिया से बाहर हो जाएगा, जबकि नियमों के अनुसार उसे सीधे इंटरव्यू के लिए पात्र माना जाना चाहिए। यह स्थिति प्रदेश के विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ है। एनएसयूआई ने यूनिवर्सिटी से तत्काल सुधार की मांग करते हुए कहा कि अगर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई तो एनएसयूआई आंदोलन की राह अपनाने पर विवश होगी। इसी तरह बीएड एवं डीएलएड प्रवेश परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन जांच बिना किसी निविदा प्रक्रिया के बाहरी एजेंसी से कराए जाने के मामले में कार्रवाई की मांग की गई।

- एनएसयूआई ने कुलपति से की शिकायत

इस अवसर पर एनएसयूआई के पुष्पराज साहू, करण यादव, वेद राठौर, राजा खान, सुनील श्रीवास, सुदामा साहू, आयुष तिवारी, आशीष यादव, आकाश वर्मा आदि शामिल थे।

# शिकार के लिए जंगल में लगाए जीआई तार के करंट से ग्रामीण की मौत

**बिलासपुर।** जंगली जानवर के शिकार के लिए जंगल में लगाए गए जीआई तार में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई है। पुलिस संदेही शिकारियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने लगी हुई है।

कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, तखतपुर चिरहापारा धूमा निवासी अयोध्या सिंह खुसरों पिता अधियार सिंह खुसरो 35 साल 29 अक्टूबर की शाम 5.30 बजे घर से निकला था। उसके बाद वह रात भर घर नहीं लौटा। दो दिन गांव व आसपास में परिजन के द्वारा पतासाजी की गई। नहीं मिलने पर 1 नवंबर को परिजन के द्वारा जूनापारा चौकी में अयोध्या सिंह खुसरों के गुम होने की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस उसकी पतासाजी में लगी हुई थी। श्री नवरंग ने बताया, 3 नवंबर को कोटा क्षेत्र के डिडोल के ग्रामीण लकड़ी लेने के लिए करपिहा जंगल गए थे। शाम को लोगों को तेज दुर्गंध आई। ग्रामीण अंदर घनघोर जंगल में जाकर देखे तो एक व्यक्ति अधजली लाश पड़ी हुई थी। जीआई तार फंसा हुआ था। सूचना पर पुलिस जंगल में पहुंच गई। पतासाजी के दौरान मृतक की पहचान लापता अयोध्या सिंह खुसरो के रूप में हुई।

### जंगल में गए थे, जानवरों का शिकार करने लगे

टीआई श्री नवरंग ने बताया, मृतक के साथ जंगल में शिकार करने गए 4 संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। सहयोगियों ने बताया, अन्य शिकारियों के द्वारा जंगल में जानवरों के शिकार करने के लिए जीआई तार में करंट का जाल बिछाया जाता है। उसमें फंसने वाले जानवरों को लेने के लिए गए थे। जंगली शुअर फंसने की आशंका पर मृतक गया और करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस करंट का जाल बिछाने वालों की तलाश में जुट गई है।

### वन विभाग का अमला बेखबर

कोटा क्षेत्र के करपिहा जंगल में शिकारियों के द्वारा करंट का जाल बिछाकर जंगली जानवरों का शिकार किया जा रहा है और वन विभाग का अमला बेखबर है। आलम यह है कि शिकारियों के द्वारा जानवर के शिकार के लिए बिछाए गए करंट की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई है।

### रैम्प योजना के तहत एक दिवसीय कार्यशाला कल

**बिलासपुर।** रैम्प योजना के तहत सूक्ष्म, लद्यु एवं मध्यम उद्योग, महिला उदयमियों, स्व सहायता समूह और पारम्परिक कारीगरों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में 6 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से जल संसाधन परिसर के प्रार्थना सभा भवन में होगी। कार्यशाला का आयोजन सूक्ष्म, लद्यु एवं मध्यम उद्योग, महिला उदयमियों, स्व सहायता समूह और पारम्परिक कारीगरों को डिजिटल साक्षरता, डिजिटल प्लेटफार्म, मार्केटिंग प्लेटफॉर्म एवं बीडीएसपी से जोड़ने एवं उनके उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने हेतु गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) पर जुडने के लिए किया जा रहा है। जिला व्यापार एवं उद्योग के महाप्रबंधक ने जिले के सभी इच्छुक उद्यमियों एवं लाभार्थियों से इस निःशुल्क कार्यशाला में भाग लेने अनुरोध किया है। अधिक जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग से संपर्क कर सकते हैं।







